54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.7°c अधिकतम 26.6 °c

अमृतवाणी

जिंदगी अपनी है, इसे किसी के खौफ से नहीं, अपने शौक से जियो।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार है, देश में कोई भी राहुलवादी नहीं है : हिमंत बिस्वा सरमा

बीमारी की बात आप जानो....लेकिन राहुलवादियों की कमी नहीं है....

सूर्योदय - 6:56, सूर्यास्त - 6:10 | वर्ष : 54/ अंक : 48 | बुधवार, 18 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

डायन बनी प्रेम में अंधी फूफी, चार वर्षीया भतीजी को ही टैंक में डुबोकर मार डाला

- भाभी को चाकुओं से गोदा, तीन अन्य बच्चों पर भी किये चाकू से हमले
- 16 नींद की गोलियां खाने एवं चाय में मिलाकर दी
- अपहरण की सूचना पर पुलिस कप्तान सहित आधी रात के बाद दौड़ी भारी पुलिस फोर्स, पुलिस ने 4 घंटे में ही कर दिया घटना का खुलासा
- शाहपुर के चर्चित गांव बसी कलां में हुई घटना चर्चा बनी

शाहपुर, 17 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव बसीकलां में रौंगटे खड़े करने वाली ऐसी ही वारदात हुई है। खुन्नसी ननद माना ने प्रेमी से बात करने में बाधक बन रही भाभी पर न केवल जानलेवा कर हमलाकर लहूलुहान कर घायल कर दिया, बल्कि चार साल की भतीजी इशरा को जिंदा पानी के टैंक में डालकर मार डाला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची का शव बरामद करने के साथ कातिल बुआ को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। यह पूरी घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव बसीकलां निवासी समीर ने सोमवार देर रात दो बजे पुलिस को सूचना दी गई कि पड़ोसी इमरान की पत्नी फिरदौस को घायल कर उसकी चार वर्षीय बेटी का अपहरण कर लिया गया है। सूचना पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह, थानाध्यक्ष शाहपुर गजेन्द्र सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। घायल फिरदौस को अस्पताल पहुंचाने के साथ पुलिस ने गहनता से जांच-पड़ताल की। पुलिस को तलाशी के दौरान घर के आंगन में रखे पानी के टैंक में बच्ची की लाश तैरती हुई दिखाई दी। डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्यों का संकलन कर पूछताछ की, तो पूरा घटनाक्रम उजागर हो गया। फिरदौस की ननद माना चेन्नई में काम करने वाले गांव के ही एक युवक से प्रेम करती थी। फिरदौस उसको प्रेमी से बात करने का विरोध करती थी, इस कारण ननद बेहद आक्रोशित थी। ननद माना ने प्रेम में बाधक बनी भाभी को सबक सिखाने के लिए बड़ी साजिश रची। ननद माना ने बाजार से नशीली गोलियां लेकर मंगवाई, जिनमें से 16 गोली उसने परिजनों को खाने व चाय में मिलाकर दे दी। सोमवार रात को वह नशीली गोलियां खाने से पूरा परिवार बेहोशी की हालत में हो गया। बदला लेने के लिए आतुर ननद माना ने पहले तो चार साल की अपनी भतीजी इशरा को घर के आंगन में रखे हुए 500 लीटर के पानी के टैंक में फेंककर ढक्कन बंद कर दिया, जिस कारण मासूम बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद उसने घर के एक कमरे में अपने बच्चों के साथ सो रही भाभी फिरदौस पर चाकू से कई प्रहार किए, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल की चीख पुकार सुनकर बच्चे भी उठ गए। आरोपी ननद ने घायल के तीनों बच्चे 10 वर्षीय शाद, आठ वर्षीया आयशा व छह वर्षीया नबिया पर भी हमला करने का प्रयास किया, जिसमें तीनों बच्चों के हाथ पर चाकू लगने से वें भी घायल हो गए। पुलिस रात्रि में ही पूरे परिवार को थाने ले आई और परिजनों से अलग-अलग पूछताछ की। पूछताछ में माना घटना को अंजाम देना कबूल लिया था। पुलिस ने आरोपी ननद को गिरफ्तार कर लिया है।

देख तेरे संसार की हालत क्या हो गयी भगवान... मंदिरों पर भी कब्जे की नीयत रखने लगे प्रधान?



मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। नीयत खराब हो तो लोग मंदिर को भी नहीं छोड़ते। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव हरसौली से एक ऐसा ही मामला सामने आया जो लम्बे समय से विवादों में तो चल ही रहा है मगर अब भगवान को भी नहीं छोड़ा जा रहा। हरसौली में जनता इण्टर कॉलेज के निकट बड़ा ही खूबसूरत शिवमंदिर है। शिवमंदिर के पुजारी को लगातार विभिन्न प्रकार की प्रताड़नाएं झेलनी पड़ रही हैं। मंगलवार को मंदिर की मूर्तियां खण्डित कर दी गयी, जिनमें भगवान कार्तिक एवं भगवान शिव की मूर्तियों के हाथ टूटे मिले। क्षेत्र के लोगों ने खुलकर ग्राम प्रधान तेजवीर का नाम लेते हुए बताया कि प्रधान महाराज पुष्करनाथ को भगाकर कब्जा करना चाहता है, जिसमें ग्राम प्रधान के भाई व भतीजे भी शामिल हैं।

महाराज पुष्करनाथ ने पूरी कहानी बयां करते हुए बताया कि 15 फरवरी को यहां पर सरकारी परमीशन के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया था। 16 फरवरी को भण्डारा आयोजित किया गया। महाराज ने बताया कि 16 फरवरी की शाम प्रधान, उसका भाई व भतीजा तीनों शराब पीकर आए और मंदिर के टेंट में पीछे से घुस गए। जिसके बाद तीनों एक सेवक को अपने साथ उठाकर ले गए और उसकी जमकर पिटाई की। जब महाराज को इसकी जानकारी मिली तो वे खुद इन तीनों के पास गए तो महाराज का आरोप है कि उन्हें भी मारने-पीटने की धमकी दी गयी। पुष्कर नाथ महाराज का कहना है कि कल से ही यहां मूर्तियां खण्डित पड़ी हैं और बड़ी मूर्ति को भी खण्डित करने की धमकी दी है। फिलहाल क्षेत्र के लोगों ने भी महाराज के पक्ष में गवाही दी है और पुलिस को इस मामले का संज्ञान दे दिया गया है। क्षेत्र के लोगों का बताना है कि यहां का प्रधान तेजवीर सिंह व उसके भाई भतीजे आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और तीनों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। तीनों की इच्छा इस मंदिर पर कब्जा करने की है।

क्षेत्र का सबसे खूबसूरत मंदिर है हरसौली शिव मंदिर

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर से बुढ़ाना अथवा शाहपुर जाने वाले लोगों को ही नहीं बल्कि इस ओर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को पता है कि यह आसपास के क्षेत्रों का सबसे खूबसूरत मंदिर है। मंदिर के बाहर ही महाभारत का प्रतीक चिह्न सात घोड़ों वाला रथ और उन्हें हांकते भगवान कृष्ण अपने आपमें आकर्षण का केन्द्र हैं। मंदिर जितना बाहर से सुंदर है उतना ही अंदर से खूबसूरत बनाया गया है। जो भी व्यक्ति हरसौली की सड़क से गुजरता है, उसका ध्यान सबसे पहले इसी मंदिर पर जाता है। मंदिर में राधा-कृष्ण, मां सरस्वती व शिव की खूबसूरत प्रतिमाएं विराजमान हैं।

मंदिर में चल रही है गहरी राजनीति, कुछ दिन पहले कारीगर की जूते पहनकर कार्य करने की वीडियो हुई थी वायरल

मुजफ्फरनगर। मानो न मानो यह सच है कि उक्त मंदिर को कब्जाने के लिए गहरी राजनीति चल रही है, क्योंकि कुछ दिन पहले प्रायोजित तरीके से एक वीडियो चलवाई गयी थी, जिसमें हिन्दू-मुस्लिम विवाद दिखाने का प्रयास करते हुए मंदिर परिसर में एक मुस्लिम कारीगर को जूते पहनकर काम करते हुए दिखाया गया जबकि मुस्लिम कारीगर का कहना था कि वह बिजली का मिस्त्री है और करंट के डर से जूते तो पहनने ही पड़ते हैं। इससे पहले भी कई बार मंदिर के महाराज को धमकियां मिली हैं, फिलहाल भी प्रधान समर्थकों द्वारा लगातार

महाराज पुष्करनाथ को मारने की धमकी दी जा रही हैं और अब मूर्ति खण्डित करने का मामला साफ दर्शा रहा है कि मंदिर पर कब्जे करने के आरोपों का खुलासा जल्द ही सामने आएगा। ग्रामीणों ने तो मुखर होकर इसका खुलासा कर ही दिया है। अब प्रशासन इसमें क्या खुलासा करता है, यह कहा नहीं जा सकता। उक्त मामले में एक बार कई पुलिस वालों का हफ्ता वसूली करने का मामला भी सामने आया था, जिसमें एसएसपी द्वारा उक्त पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया था।

एसएसपी को पिकेट पर गायब मिले पुलिसकर्मी

- एसएसपी बोले- ये आखिरी चेतावनी अगली की गलती पर होंगे सस्पेंड
- देर रात औचक निरीक्षण में खुली सुरक्षा की पोल, वायरलेस पर डांटा

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा के सख्त तेवरों ने मंगलवार तड़के पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। सुबह करीब 4 बजे जब कप्तान स्वयं सड़कों पर उतरे, तो शहर के मुख्य चौराहों से पुलिसकर्मी गायब मिले। इस बड़ी लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए एसएसपी ने वायरलेस सेट पर ही लापरवाह कर्मियों को सस्पेंड करने की चेतावनी दी और संबंधित थाना प्रभारियों को तलब कर कड़ी फटकार लगाई।

मंगलवार तड़के शाहपुर क्षेत्र के बसी कलां गांव में एक बच्ची की हत्या की सूचना मिली थी। इस मामले में कार्रवाई के लिए एसएसपी संजय कुमार वर्मा अपने काफिले के साथ आवास से निकले थे। रास्ते में उन्होंने शहर की सुरक्षा परखने के लिए प्रकाश चौक, शिवचौक, मीनाक्षी चौक, रेलवे रोड और शामली बस स्टैंड जैसे अति-संवेदनशील और मुख्य चौराहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाली स्थिति सामने आई। इन प्रमुख स्थलों पर न तो पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी मिले और न ही गश्त के लिए निर्धारित क्यूआरटी, पीआरवी या चीता मोबाइल की टीमें दिखाई दीं। शहर की सुरक्षा पूरी तरह राम भरोसे नजर आई। मुख्य चौराहों को खाली देख एसएसपी का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल वायरलेस सेट संभाला और ड्यूटी से नदारद पुलिसकर्मियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "इतने संवेदनशील जिले में इस तरह की लापरवाही किसी भी बड़ी वारदात को खुला निमंत्रण है। सुरक्षा व्यवस्था में ऐसी चूक किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

थाना प्रभारियों को दी सख्त चेतावनी

मुजफ्फरनगर। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोपहर में एसएसपी ने शहर के चारों थाना प्रभारियों को पुलिस कार्यालय में तलब किया। लापरवाही को लेकर उन्हें कड़ी फटकार लगाई गई और भविष्य के लिए अंतिम चेतावनी दी गई। एसएसपी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि यदि दोबारा गश्त या पिकेट ड्यूटी में इस प्रकार की ढिलाई मिली, तो संबंधित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन जैसी कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अंतरिम जमानत के बाद जेल से बाहर आए राजपाल यादव

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। मंगलवार को रिहाई की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वह जेल से बाहर आए और कहा कि वह सभी आरोपों पर जवाब देंगे। उन्होंने कोर्ट का धन्यवाद भी किया। मीडिया से बातचीत में राजपाल यादव ने कहा कि वह साल 2027 में बॉलीवुड में अपने 30 साल पूरे करेंगे। उन्होंने देशभर के लोगों से मिले समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि यदि उन पर कोई आरोप है तो वह उसका जवाब देने के लिए तैयार हैं। बता दें कि चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने 5 फरवरी को दिल्ली की तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था। साल 2010 में राजपाल यादव ने फिल्म अता पता लापता बनाने के लिए प्राइवेट कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। ये फिल्म फ्लॉप रही और राजपाल यादव को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। राजपाल समय रहते कर्ज की रकम नहीं लौटा सके। लोन लेते समय राजपाल ने जो चेक कंपनी को दिए थे वो बाउंस हो गए, जिसके बाद एक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई।

छठी बार मां बनी सीमा हैदर, बेटे को दिया जन्म

नोएडा, 17 फरवरी (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में रह रहीं पाकिस्तान से आई महिला सीमा हैदर ने मंगलवार को अपने छठे बच्चे के रूप में एक बेटे को जन्म दिया। मंगलवार को सीमा ने छठवें बच्चे को जन्म दिया है। सीमा की अपने पाकिस्तान में पहले पति से चार बच्चे हैं। वहीं, सचिन से मिलने के बाद भारत में दूसरी संतान पैदा हुई है। सचिन मीणा के परिजनों ने बेटे के जन्म की खुशी में मिठाइयां बांटी और शुभकामनाएं दीं। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया था, जो अब करीब 11 माह की हो चुकी है। अब परिवार में बेटे के जन्म से उत्साह और बढ़ गया है। सीमा हैदर वर्ष 2023 से सचिन मीणा के साथ रबूपुरा में रह रही हैं। दोनों की कहानी पहले भी काफी चर्चा में रही है। सोशल मीडिया पर भी यह दंपती काफी सक्रिय रहता है। इनके यूट्यूब चैनल पर दो मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर बताए जाते हैं, जहां वे अपने पारिवारिक जीवन से जुड़े वीडियो साझा करते रहते हैं।

भाजपाईयों के वार्ड में खूब भ्रष्टाचार, नालियों में भी खा रहे पैसा

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। दुनिया में अपने आपको सबसे ईमानदार बताने वाले अपने को राम के भक्त बताने वाले और न जाने कौन-कौन से गुणगान करने वाले भाजपाईयों के दामन से अब भ्रष्टाचार की खूब बू आने लगी है। वार्ड-39, सहारनपुर बस स्टेंड के पीछे का एक चौंका देने वाला मामला तब सामने आया जब खुद हिन्दू संघर्ष समिति के संयोजक ने नवनिर्मित नाली में से बाहर पड़ी ईंटे उठाई और उन्हें दोनों हाथों में लेकर एक दूसरे पर ठोकी तो ईंटे चकनाचूर हो गयी। बस यह दृश्य देखते ही ठेकेदार का चेला नरेन्द्र पंवार की ठोडी पर हाथ रखकर मिन्नत करने लगा कि पंवार साहब ऐसा मत कीजिए। मगर वीडियो जारी होते ही ठोडी में हाथ देने वाले का चेहरा सामने आ गया और साफ पता चल गया कि भाजपा के शासन में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। दरअसल यह भ्रष्टाचार वार्ड-39 के रविकान्त शर्मा उर्फ काक्का के नेतृत्व में हो रहा है। अब समाचार प्रकाशित होने के बाद भाजपाई कोई नई योजना बनाएंगे और बड़ी ही ईमानदारी का कारण बताते हुए अपने को पाक-साफ साबित कर लेंगे और पूरा ठींकरा फिर से एक बार ठेकेदार के सिर फोड़ने में कामयाबी हासिल करेंगे, क्योंकि जो भी सड़क नाले-नाली, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते हैं, उनके खुलासे के बाद भाजपाईयों के ये आम डायलॉग होते हैं कि उन्हें इस बात की बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। न जाने ये सभासद जब सड़क, नालों की गुणवत्ता चेक नहीं कर सकते तो क्यों न पंसारी की दुकान खोलकर बैठ जाएं। कम से कम वहां आटे और दाल तो चेक कर ही लेंगे। फिलहाल पचास फीसदी से अधिक भाजपाई भ्रष्टाचार में धीरे-धीरे लिप्त मिल रहे हैं और फिर भी अपने कॉलर सफेद बताते हैं।



नहीं दिखा चांद, पहला रोजा अब गुरूवार को

सऊदी अरब में दिखा चांद, शहर में रमजान के लिए गुलजार हुए बाजार

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। देश में आज चांद नहीं दिखा। इसके चलते रमजान की शुरूआत अब गुरूवार से होगी। सऊदी अरब में आज चांद नजर आया तो वहां बुधवार को पहला रोजा होगा। रमजान की दस्तक के साथ ही मुस्लिम मौहल्लों में रौनक नजर आने लगी है और रोजे से संबंधित सामान की खरीदारी शुरू हो गई है। मस्जिदों में सफाई और रंगाई पुताई के साथ तराबियों की तैयारी भी हो रही है।

रहमत और बरकतों का महीना रमजान गुरूवार को शुरू होगा। आज लोग चांद दिखने की उम्मीद में थे, लेकिन चांद नजर नहीं आया। हालांकि सऊदी अरब में आज चांद दिखा और वहां कल से रमजान की शुरूआत होगी। भारत समेत मुजफ्फरनगर में गुरूवार को पहला रोजा होगा। इमाम संगठन के प्रदेश सदर मुफ्ती जुल्फिकार ने बताया कि रमजान बरकतों का महीना है। इसके चलते हर मुसलमान पर रोजा फर्ज है। ऐसे में पूरे माह तराबियों के साथ रोजे भी रखे जाएंगे। इसके लिए मुस्लिमों में उत्साह है। रमजान के लिए शहर की तमाम मस्जिदों में साफ सफाई व रंगाई पुताई का काम पूरा कर लिया गया। शहर में खालापार की मस्जिद फक्करशाह, हौजवाली मस्जिद खालापार, मस्जिद उमर खां, इमली वाली

मस्जिद, लद्दावाला, बकरा मार्केट, मल्हूपुरा, सरवट और सूजडू समेत तमाम मस्जिदें नमाजियों के इस्तकबाल के लिए तैयार हैं। कल चांद दिखने के बाद तराबियां शुरू हो जाएंगी और हर अहले मुसलमान इबादतों में मशगूल हो जाएगा। इसके साथ ही तमाम मुस्लिम आबादियों में रमजान की खरीदारी का दौर भी शुरू हो गया है। खालापार और लद्दावाला के बाजारों में रौनक नजर आने लगी है। सुबह के वक्त सहरी और शाम को इफ्तार के लिए सामान की खरीदारी का दौर शुरू हो गया है। बाजारों में सहरी के लिए खजला, फेनी, ब्रेड, दूध के साथ खजूर, शरबत, सूखे मेवे और इफ्तार से जुड़े अन्य सामान की दुकानें सज गई हैं। इसके साथ ही रेडीमेड कपड़ों में कुर्ता-पाजामा, टोपी-इत्र की भी दुकानें सज चुकी हैं। खालापार का बाजार पूरे रमजान शाम से देर रात तक गुलजार रहेगा। इसके साथ ही लद्दावाला और मल्हूपुरा के साथ शहर से सटे सूजडू और सरवट में भी खरीदारी के लिए दुकानदारों को ग्राहकों का इंतजार है। उम्मीद है कि कल से यहां पूरी रौनक नजर आएगी।

13 घंटे 34 मिनट का होगा इस बार सबसे लंबा रोजा

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। इस बार रमजान के बीच होली के चलते जहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है, वहीं इस बार काफी खुशवार मौसम में रोजे रहेंगे। इस बार सबसे लंबा रोजा 13 घंटे 34 मिनट का और सबसे छोटा रोजा करीब 12 घंटे 46 मिनट का रहने का अंदाजा है। पिछले 10 साल में सबसे लंबे रोजे की अवधि में 2 घंटे 11 मिनट की कमी आई है। 2016 में सबसे लंबा रोजा 15 घंटे 45 मिनट का था। जैसे-जैसे रमजान सर्दियों की ओर बढ़ेगा, रोजे की अवधि और कम होती जाएगी। 30वां या अंतिम रोजा सबसे बड़ा होता है।

तीन अशरों में होता है रमजान माह

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह की इबादत में मशगूल रहकर रहमत, मगफिरत तथा जहन्नुम की आग से निजात की दुआएं मांगते हैं। रमजान का महीना तीन अशरों में बंटा होता है, जिनमें से प्रत्येक का अपना विशेष महत्व है। ये अशरे रहमत (अल्लाह की मेहरबानी), मगफि रत (गुनाहों की माफी) और निजात (जहन्नम से छुटकारा) के दौर कहलाते हैं। इसके अलावा एतिकाफ में इबादत करने वाले पूरे महीने दुनिया की नजरों से अलग रहकर पूरा वक्त इबादत में गुजारते हैं। रमजान माह के शुरूआती दस दिन रहमत के होते हैं। इस दौरान बंदे ज्यादा से ज्यादा इबादत, कुरआन की तिलावत और दुआओं में मशगूल रहते हैं। माना जाता है कि इन दिनों में अल्लाह की रहमत बंदों पर खूब बरसती है, जिससे दिलों में सुकून और नूर पैदा होता है। रमजान के बीच के दस दिन मगफिरत के लिए समर्पित हैं। इस अशरे में मुसलमान सच्चे दिल से तौबा-इस्तिगफार करते हैं और नेकियों के जरिए अपने गुनाहों

शेष : पृष्ठ-4 पर

यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से 8033 केन्द्रों पर होगी आयोजित

- 53 लाख से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं को पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश में कुल 8033 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने परीक्षा से पूर्व मंगलवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), लखनऊ शिविर कार्यालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस वर्ष परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाया गया है। 18 जनपदों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जबकि 222 परीक्षा केन्द्रों को अति संवेदनशील और 683 को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन केन्द्रों पर एसटीएफ और स्थानीय अभिसूचना इकाई को पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रखा जाएगा तथा अति संवेदनशील केन्द्रों का दिन में दो बार निरीक्षण सुनिश्चित किया गया है।

अंगूठी और माला पहनकर विद्यार्थी नहीं दे सकेंगे परीक्षा

लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है। इस बार अंगूठी या फिर माला पहनकर भी परीक्षा नहीं देनी है। बालिका विद्यालयों में महिला कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था होगी। किसी भी दशा में सचल दल या निरीक्षण दल के पुरुष सदस्य बालिका परीक्षार्थियों की तलाशी नहीं लेंगे। परीक्षा के दौरान फोटोग्राफी प्रतिबंधित रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ आने पर रोक रहेगी। इसमें मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, हेडफोन, कैमरा, कैलकुलेटर शामिल है। वॉलेट हैंडबैग, कोई भी लिखित कागज, ज्योमेट्री बॉक्स (पारदर्शी न होने पर), भारी आभूषण और भोजन ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। प्रधानाध्यापक ही केंद्र व्यवस्थापक होंगे। हर केंद्र पर एक बाहरी केंद्र व्यवस्थापक रहेगा। 50 प्रतिशत स्टाफ बाहरी विद्यालयों से नियुक्त किए गए। यदि किसी प्रकार की अनियमितता मिली तो केंद्र और बाहरी केंद्र व्यवस्थापक को हटाया जाएगा। कार्रवाई भी होगी। चिकित्सीय अवकाश से पहले जिले के सीएमओ से पुष्टि कराना होगा। स्ट्रांग रूम 24 घंटे कैमरे की नजर में होंगे। स्ट्रॉन्ग रूम के दरवाजे की एक चाबी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी। दूसरी चाबी एक मजबूत क्लाथ लाइन लिफाफे में रखकर केंद्र और बाहरी व्यवस्थापक के पास रहेगी। सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग को 6 महीने तक सुरक्षित रखना है। परीक्षा कक्ष और स्ट्रॉन्ग रूम में मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित है। केंद्र पर ही परीक्षा देनी है। यदि कोई ऐसा नहीं करता तो उसका परीक्षाफल निरस्त किया जाएगा। परीक्षा केंद्र, व्यवस्थापक को तीन साल के लिए डिबार किया जाएगा। सॉल्वर के पकड़े जाने पर संबंधित परीक्षार्थी सहित मदद करने वाले अन्य लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी। वेब कास्टिंग होगी। ड्रोन कैमरों से निगरानी व रिकॉर्डिंग की जाएगी। एक परीक्षा कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक नियुक्त होंगे। कक्ष निरीक्षकों को परिचय पत्र, आधार कार्ड साथ रखना होगा। जिस विषय के पेपर होंगे उस विषय से संबंधित शिक्षकों की तैनाती नहीं की जाएगी। सचल दल में महिला निरीक्षक की अनिवार्य व्यवस्था होगी। परीक्षा के लिए नामित अधिकारी या कर्मचारी ही परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। परीक्षा के दौरान केंद्र में कोई अनधिकृत या बाहरी व्यक्ति मिला तो कार्रवाई होगी। बिना फोटो युक्त परिचय पत्र के कोई भी ड्यूटी नहीं करेगा। उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अनुक्रमांक और उत्तर पुस्तिका क्रमांक अनिवार्य रूप से लिखना है।

सुप्रीम कोर्ट बोला-नेताओं को भाषण से पहले विचार सुधारने की जरूरत

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हेट स्पीच से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान नेताओं और उच्च संवैधानिक पद पर बैठे अधिकारियों को देश में भाईचारा बढ़ाने और संविधान के मूल्यों के हिसाब से व्यवहार करने और बोलने की नसीहत दी। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा- विविधता वाले देश में सामाजिक समरसता लोकतंत्र की बुनियाद है। सार्वजनिक जीवन में संयम और जिम्मेदारी का पालन करना जरूरी है। कोर्ट ने आगे कहा- सभी दलों को संवैधानिक नैतिकता का पालन करते हुए आपसी सम्मान के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। बेंच ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता सहित सभी मौलिक अधिकारों की वकालत संवैधानिक नैतिकता और अन्य अधिकारों के संतुलन के साथ की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट नौ लोगों की तरफ से दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए 'संवैधानिक रूप से गलत' भाषणों को रोकने के लिए दिशा-निर्देशों की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के हालिया भाषणों और भाजपा असम की तरफ से पोस्ट किए गए एक वीडियो के मद्देनजर दायर की गई थी। वीडियो में एक खास समुदाय को टारगेट करने का आरोप लगा था।

मोहन भागवत बोले-भारतीय मुसलमान भी हिंदू, घर वापसी करानी है

- लखनऊ में कहा- हिंदू 3 बच्चे पैदा करें, यूजीसी नियम किसी के खिलाफ नहीं

लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)। संघ प्रमुख भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ के प्रवास पर हैं। पहले दिन निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक में शिरकत की। संघ प्रमुख भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ प्रवास पर हैं। पहले दिन निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक में शिरकत की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को लखनऊ में कहा- भारत में रहने वाले मुस्लिम भी हिंदू हैं, वे कोई अरब से नहीं आए है। उनकी भी घर वापसी करानी है। लेकिन धीरे-धीरे यह काम होगा। संघ प्रमुख ने हिंदुओं की घटती जनसंख्या दर पर कहा, एक परिवार में कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। अभी जनसंख्या दर 2.1 है। यह कम से कम 3 होनी चाहिए। अब जो भी बच्चे शादी कर रहे हैं, उन्हें बताइए कि कम से कम तीन बच्चे पैदा करें। यूजीसी की गाइडलाइंस किसी के खिलाफ नहीं है। सभी को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा- यदि एक व्यक्ति गड्ढे में गिरा हुआ है तो उसे बाहर निकलने के लिए हाथ उठाना होगा और बाहर खड़े व्यक्ति को उसे बाहर निकालने के लिए थोड़ा झुककर हाथ बढ़ाना होगा, जब दोनों हाथ बढ़ाएंगे तो ही बात बनेगी। भागवत ने समाज को जातियों में बांटने और बंटने पर चिंता जताई। कहा, हमें जाति के चक्कर में नहीं पड़ना है। ये जाति ऐसी चीज है, जिसे हम कई दशकों से समाप्त करने में लगे हैं, लेकिन ये जाति है कि जाती नहीं है। संघ प्रमुख भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ प्रवास पर हैं। पहले दिन निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक में शिरकत की। करीब ढाई घंटे तक चली बैठक में मोहन भागवत ने सामाजिक सद्भाव से जुड़े विषयों पर बैठक में शामिल समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के जवाब दिए। यूजीसी पर सरकार जो कानून बनाए, उसका पालन करना चाहिए। मोहन भागवत ने यूजीसी को लेकर एक पक्ष को लगता है कि ये हमारे खिलाफ है दूसरे पक्ष को लगता है कि हमारे साथ है। सरकार नियम बनाती है। यदि किसी को यह अच्छा नहीं लगता है तो अपनी बात रखनी चाहिए। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सरकार जो भी कानून बनाए, उसका पालन करना चाहिए। 500 साल मुगल और 200 साल अंग्रेज शासन कर चले गए, लेकिन हिंदू धर्म संस्कृति इतनी मजबूत है कि उसे मिटा नहीं सके। जब इतने सालों में हिंदू धर्म का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सका तो कोई अब क्या बिगाड़ पाएगा। भारत में रहने वाले मुस्लिम भी हिंदू हैं, वे कोई अरब से नहीं आए है।

बुर्के में जलाभिषेक करने वाली तमन्ना के पति को मिल रही धमकी

संभल, 17 फरवरी (एजेंसी)। असमोली के गांव बदनपुर बसेई निवासी तमन्ना मलिक और उनके पति अमन त्यागी को सोशल मीडिया पर धमकी मिल रही है। अमन त्यागी का कहना है कि वह एसपी से मिलकर शिकायत करेंगे। लोग मेरी पत्नी के बुर्का पहनने पर धमका रहे हैं। अमन त्यागी ने बताया कि उनकी पत्नी ने शादी से पहले 22 वर्ष तक परिजनों के कहने पर बुर्का पहना था। अब वह सनातनी हो गई हैं और सनातन में पूरी आजादी है। वह बुर्का पहने या उनकी मर्जी है। दरअसल तमन्ना मलिक ने अमन त्यागी से शादी करने के लिए कांवड़ लाने के लिए मन्नौती मांगी थी। शादी को साढ़े तीन वर्ष हो गए और इस बार तमन्ना हरिद्वार से कांवड़ लेने के लिए गई थीं। उन्होंने संभल के क्षेमनाथ तीर्थ पर रविवार को जलाभिषेक किया था। सोमवार को अमन त्यागी ने बताया कि उनके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पत्नी को लेकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। कहा कि उनकी पत्नी मुस्लिम थी और वह बुर्का पहनती थीं। यह उनकी अपनी आजादी है कि वह बुर्का पहने या नहीं पहने। लेकिन धमकी देने वाले तो डराने वाले नहीं हैं। तमन्ना मलिका का कहना है कि धमकाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। असमोली थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि हमें कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलती है तो जांच कराई जाएगी।

जिला पुलिस को मिली 10 नई गाड़ियां

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। पुलिस को आपातकालीन सेवा एवं कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु 10 नई गाड़ियां मिली हैं, जिसमें 9 पीआरवी स्कॉर्पियो गाड़ियां व 1 बुलेरो गाड़ी शामिल हैं। एसएसपी ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधिवत फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया गया। इस अवसर पर एसएसपी ने बताया कि नई पीआरवी गाड़ियों के शामिल होने से आपातकालीन सूचनाओं पर पुलिस की प्रतिक्रिया समय में और अधिक सुधार होगा तथा जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वाहनों का सदुपयोग करते हुए जनता को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इन अत्याधुनिक वाहनों में आवश्यक संचार उपकरण, सायरन, फ्लैश लाइट तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा संसाधन उपलब्ध हैं, जिससे आपदा, दुर्घटना, अपराध या अन्य आपात स्थितियों में पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्यवाही कर सकेगी। कार्यक्रम के दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह मौजूद रहे।

मेरठ की सीसीएसयू में शिक्षक ने की छात्रा से छेड़छाड़

मेरठ, 17 फरवरी (एजेंसी)। मेरठ की चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में पढ़ने वाली बीकॉम ऑनर्स की एक छात्रा ने शारीरिक शिक्षा विभाग के एक शिक्षक पर अभद्र व्यवहार और अनुचित प्रस्ताव देने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रा ने इस संबंध में कुलपति को प्रार्थना पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विश्वद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा ने शिकायत करते हुए कहा कि 12 फरवरी 2026 की शाम विश्वविद्यालय के जिम में व्यायाम करने गई थीं। उसके बाद जब वह जिम से बाहर निकल रही थी तब शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक संदीप रंधावा ने उन्हें रोक लिया और आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए अनुचित प्रस्ताव दिया। छात्रा का आरोप है कि शिक्षक ने नौकरी और भविष्य से संबंधित प्रलोभन देते हुए उनके साथ घूमने-फिरने का दबाव बनाया। इसके साथ साथ उन्होंने यह भी कहा कि मेरे साथ रहोगे तो न नौकरी की जरूरत पड़ेगी और तुम्हारा खर्च भी उठा लूंगा।

मुजफ्फरनगर के दानिश खान ने अबू धाबी में स्कीट शूटिंग चैंपियन में जीता गोल्ड

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दानिश खान ने अबू धाबी में आयोजित इंटरनेशनल ओपन मास्टर्स गेम्स में स्कीट शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश और जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने 10 से 15 फरवरी के बीच हुई इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। डॉ. खान ने प्रतियोगिता में कुल 125 में से 113 अंक प्राप्त कर स्कीट मास्टर्स शूटिंग चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। अबू धाबी से लौटने के बाद उन्होंने अपनी इस सफलता को देश को समर्पित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों से जुड़े 25 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। डॉ. दानिश खान ने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप की शॉटगन प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीता था। वह पिछले 19 वर्षों से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नियमित रूप से भाग लेते आ रहे हैं। डॉ. खान ने बताया कि उन्हें शूटिंग का शौक अपने ननिहाल से मिला, जहां उनके मामा और चचेरे भाई ने उन्हें गन चलाने के लिए प्रेरित किया। अपने व्यस्त चिकित्सा पेशे के बावजूद, वे रोजाना क्लीनिक के बाद दिल्ली में अभ्यास करने जाते थे और दोपहर 11 बजे लौटकर मरीजों को देखते थे। उनका मानना है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत से किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है।

सलमान खान के पिता राइटर सलीम खान की हालत स्थिर

मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसी)। सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को मंगलवार सुबह मुंबई के लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। हालांकि, अभी तक उनके अस्पताल में भर्ती होने की वजह सामने नहीं आई है। बुधवार सुबह 11 बजे परिवार की अनुमति के बाद मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाएगा। सलीम खान की तबीयत बिगड़ने के बाद बेटे सलमान खान समेत परिवार के कई सदस्य अस्पताल पहुंचे। बेटी अलवीरा भागते हुए लीलावती अस्पताल जाती दिखीं। इसके अलावा उनकी दोनों पत्नी सलमा और हेलेन, बेटे अरबाज, दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को भी अस्पताल के बाहर देखा गया।

बागपत में नर्सरी की छात्रा से दो किशोरों ने किया दुष्कर्म

बागपत, 17 फरवरी (एजेंसी)। बागपत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर खेल रही पांच वर्षीय नर्सरी की छात्रा को घेर में ले जाकर सातवीं और नौवीं कक्षा के दो किशोरों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा तब हुअ जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसने अपनी मां को सारी बात सुनाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित छात्रा एक निजी स्कूल में नर्सरी कक्षा में पढ़ती है। स्कूल से आने के बाद वह घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेलती थी। सोमवार को जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी और वह पेट दर्द की शिकायत करने लगी, तो परिजनों को चिंता हुई। निजी चिकित्सक से उपचार कराने के दौरान बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना के बारे में बताया। बच्ची ने बताया कि घर के बाहर खेलते समय पड़ोस के 13 वर्षीय और 14 वर्षीय दो किशोर उसे अपने साथ घेर में ले गए थे। वहां उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म किया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बच्ची ने यह भी बताया कि यह कृत्य पिछले सात-आठ दिनों से रोजाना हो रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। पीड़ित छात्रा के पिता की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को दोनों आरोपी किशोरों को गिरफ्तार कर लिया, जो पीड़िता के पड़ोस में ही रहते हैं।

अखिलेश यादव जाएं संघ की शाखाओं में, दोपहर 12 बजे उठने की आदत छूट जाएगी: योगी

लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को एक निजी चैनल के कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम योगी ने साफ शब्दों में ऐलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी। सीएम योगी ने कहा कि 2027 को लेकर कोई शक नहीं है। 2022 से अधिक सीट मिलेंगी और 2027 में फिर भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनेगी। सीएम योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं। बुलडोजर यूपी की स्ट्रेंथ का प्रतीक है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ देश के सबसे बड़े और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे के नेटवर्क को यूपी में स्थापित कर सकते हैं। यूपी की जनता जिसकी अपेक्षा कर रही थी, बुलडोजर उस माफिया प्रवृत्ति को कुचल सकता है। ब्रह्मोस जैसे सेक्टर में भी यूपी में बड़े निवेश हो रहे हैं। यह भारत की सामरिक शक्ति का प्रतीक है। किसी ने भारत की आन, बान और शान को लेकर गुस्ताखी करने का प्रयास किया तो दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर मारेंगे।

उत्तराखंड के मैदानी जिलों में बढ़ रही मुस्लिम आबादी

- 12 कस्बों में हिंदू 50% से कम, सीएम धामी बोले- कांग्रेस ने बिगाड़ी डेमोग्राफी

देहरादून, 17 फरवरी (एजेंसी)। हरिद्वार, देहरादून और ऊधम सिंह के कई कस्बों में हिंदुओं से ज्यादा मुस्लिम आबादी हो गई है। उत्तराखंड के कोटद्वार में मोहम्मद दीपक प्रकरण के बाद अब प्रदेश में आबादी के संतुलन और अलग-अलग समुदायों की संख्या को लेकर बहस तेज हो गई है।

भाजपा और कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दल इस मुद्दे पर अपनी-अपनी बात रख रहे हैं। राजनीतिक हलकों में इसे 2027 विधानसभा चुनाव से पहले उभरते एक अहम मुद्दे के रूप में देखा जा रहा है। 2011 के जनसंख्या आंकड़ों में धर्मनगरी हरिद्वार के साथ साथ देहरादून और ऊधम सिंह नगर के एक दर्जन कस्बे ऐसे मिले हैं, जहां हिंदू ही अल्पसंख्यक बन गया है। यहां मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ रही है और हालात ऐसे हैं कि ये आंकड़ा 50% या उससे ऊपर पहुंच गया है। जनगणना के अनुसार, हरिद्वार के पिरान कलियर कस्बे में तो मुस्लिम आबादी 94% है। मैदानी जिलों में इस तरह बदलती डेमोग्राफी को कुछ राजनीतिक विश्लेषक, भाजपा के लिए चिंता और कांग्रेस के लिए फायदा मान रहे हैं। इसलिए भाजपा इस गंभीर मुद्दा मान रही है, कांग्रेस इस मुद्दे का सांप्रदायिक भेदभाव के आधार पर विरोध कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट के मुताबिक भाजपा आबादी के मुद्दे को उठाकर पलायन, बेरोजगारी और विकास जैसे सवालों से ध्यान भटका रही है। हालांकि, भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रदेश की जनसंख्या में असंतुलन पैदा होने की कोशिशें चिंता का विषय हैं और सरकार इसे रोकने के लिए कदम उठा रही है।

सेंट्रल मार्केट के व्यापारी बोले- भगवान ही बचाएंगे हमारी दुकानें

- मेरठ में ध्वस्तीकरण के आदेश से डरे, सुंदरकांड का पाठ किया

मेरठ, 17 फरवरी (एजेंसी)। शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट में आवासीय प्लॉट पर संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए हैं। आदेश के बाद व्यापारियों में बेचैनी और दहशत का माहौल है। अपनी दुकानों को बचाने के लिए व्यापारी लगातार पंचायत कर रहे हैं और जनप्रतिनिधियों से मिलकर समाधान की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को व्यापारियों ने मार्केट में सुंदरकांड का आयोजन किया है। तीन दिन पहले सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों ने बाजार बंदी की घोषणा करते हुए एक बड़ी पंचायत बुलाई थी, जिसमें शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों के लोग शामिल हुए थे। हालांकि बैठक के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। पंचायत के बाद दुकानें खोलने को लेकर व्यापारी दो गुटों में बंट गए थे। अब व्यापारियों ने अपनी दुकानों की सुरक्षा के लिए भगवान का सहारा लेते हुए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया है। सेंट्रल मार्केट के व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हम अपने प्रतिष्ठानों को बचाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। हमारे जनप्रतिनिधि भी अपने स्तर से कोशिश कर रहे हैं। हमे भगवान से ही उम्मीद है कि वह हमारी रक्षा करेंगे और हमारी रोजी पर आए इस संकट से हमे निकालने में हमारी मदद करेंगे। सरधना विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने सेंट्रल मार्केट का मुद्दा सदन में भी उठाया। उन्होंने कहा- महापौर, सांसद, मंत्री, सरकार सब कुछ भाजपा का है। ऐसे में इन हजारों दुकानादारों के प्रतिष्ठानों को बचाने के लिए सरकार को एक बिल पास कराना चाहिए और व्यापारियों की रोजी- रोटी पर आए संकट को हटाने में उनकी मदद करनी चाहिए।

5 देशों के 14 पूर्व कप्तानों की पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी, इमरान खान के इलाज की मांग

इस्लामाबाद, 17 फरवरी (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की खराब सेहत को लेकर 5 देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी लिखी है। 73 साल के इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं। इस चिट्ठी पर सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरली, डेविड गावर, किम ह्यूजेस, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट ने साइन किए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 14 दिग्गज कप्तानों ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से इमरान को उचित इलाज दिए जाने की अपील की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस चिट्ठी पर किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि पिछले हफ्ते वसीम अकरम, वकार यूनिस और शाहिद अफरीदी समेत कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर इमरान के लिए उचित इलाज की मांग की थी। इमरान खान 1992 में वर्ल्ड कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम के कप्तान थे।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	158500	चांदी-	248650
सिक्का-	2555	गिन्नी-	117345

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

होटल मैनेजर को कस्टमर ने 40 बेल्ट मारी

झांसी, 17 फरवरी (एजेंसी)। झांसी में 8 युवकों ने होटल मैनेजर को बेरहमी से पीट दिया। सभी एक रूम में ठहरना चाहते थे। आरोप है कि जब मैनेजर ने मना किया तो वे भड़क गए। गाली-गलौच करने लगे। फिर किसी ने बेल्ट बरसाई तो किसी ने लात-घूंसे मारे। मैनेजर को 40 बेल्ट मारे। दो कर्मचारी बचाने आए तो उन्हें भी पीटा और सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। लेकिन उससे पहले ही पूरी मारपीट रिकॉर्ड हो गई। घटना 15 फरवरी की रात 10:20 बजे की है। सोमवार को सीसीटीवी फुटेज सामने आया। तब पुलिस एक्शन में आ गई। 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूरा मामला नवाबाद थाना क्षेत्र के जेल चौराहा के पास का है। मैनेजर जान बचाने के लिए पीछे भागता है, तो एक युवक टेबल पर चढ़ जाता है। फिर उसे जमकर पीटते हैं। मैनेजर जान बचाने के लिए पीछे भागता है, तो एक युवक टेबल पर चढ़ जाता है। फिर उसे जमकर पीटते हैं। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी घनेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया- जेल चौराहा के पास मेरा ह्विकासह्व नाम से होटल है। मैंने 7 महीने पहले इसे खोला था। 15 फरवरी की रात 10:20 बजे 7 से 8 युवक आए, वे शराब पीए हुए थे। पहले दो युवक ऊपर आए। काउंटर पर मैनेजर और दो कर्मचारी बैठे थे। दोनों युवक रूम मांगने लगे। मैनेजर ने उनसे कहा- दो रूम में ठहरने की व्यवस्था कर देंगे। 1600 रुपए लगेंगे। तब वे कहने लगे कि एक ही रूम चाहिए। तब मैनेजर ने कह दिया कि एक रूम में नहीं हो पाएगा। आप लोग नशा किए हुए हो, यहां से जाओ। इस पर वे गाली-गलौच कर मारपीट करने लगे। कैमरे तोड़ दिए। मैं किसी को नहीं जानता। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को पकड़ भी लिया है।

रतनपुरी में 25 हजार रुपये का ईनामी गौकश मुठभेड़ में घायल

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 25 हजार के ईनामी गौकश को मुठभेड में घायल होने के बाद गिरफ्तार किया गया है। रतनपुरी पुलिस टीम ग्राम कल्याणपुर से टोडा जाने वाले रास्ते पर रजवाहे की पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की मोटर साइकिल पर ग्राम टोडा की तरफ से आता हुआ दिखायी दिया।रुकने का इशारा करने पर भागने की कोशिश में मोटरसाइकिल लेकर गिर गया तथा पुलिस पार्टी पर फायर करता हुआ पास में खडे गन्ने के खेत में घुस गया। जवाबी फायरिंग में वह बांये पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसने अपना नाम रहीस उर्फ रहीसू पुत्र सीनू निवासी रटोल थाना खेकड़ा जिला बागपत हाल पता अबुबकर मस्जिद के पास मिर्जापुर सेक्टर 12 थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद बताया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय जिन्दा व खोखा कारतूस तथा एक हीरो स्पलेन्डर मोटर साईकिल बरामद की गयी।

शिक्षा प्रेमी के निधन से क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर

चरथावल, 17 फरवरी (बु.)। चरथावल शिक्षा प्रेमी और सामाजिक कार्यो मे हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले ब्रहाप्रकाश गर्ग के निधन से परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। ब्रहाप्रकाश गर्ग पूरे जीवन शिक्षा से जुड़े रहे और वैश्य समाज की शिक्षण संस्थाओं के प्रबंध समिति के लम्बे समय तक पदाधिकारी रहे। उनकी जीवन शैली ऐसी थी, मानो उन्हें नगर सहित देहात का बच्चा-बच्चा जानता हो। वह वर्तमान में भी महाराजा अग्रसेन कन्या पीजी कालेज के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे थे। शिक्षा के प्रति उनका अलग ही लगाव था। उनके निधन से अनेकों शिक्षण संस्थाओं में शोक व्यक्त कर दो मिनट का मोन धारण किया गया। चेयरमैन मास्टर इस्लाम, अभिषेक बंसल, आदेस गर्ग, मनीष गर्ग, राजेश गर्ग, कुशल पाल त्यागी, विकास त्यागी, नवीन गर्ग,सादिक त्यागी अनुज गर्ग भूरा, अध्यक्ष व्यापार मंडल सहित अनेकों ने शोक व्यक्त किया है।

एआई समिट में भीड़ और अव्यवस्था से डेलीगेट्स परेशान

- सामान चोरी हुआ, घंटों कतार में खड़े रहे; आईटी मिनिस्टर वैष्णव ने माफी मांगी

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली के भारत मंडपम में दुनिया के सबसे बड़े टेक इवेंट में से एक 'अकइम्पैक्ट समिट 2026' चल रहा है। इसके पहले दिन 16 फरवरी को हुई अव्यवस्थाओं पर केंद्र सरकार ने माफी मांगी है। पहले दिन हजारों की संख्या में स्टार्टअप फाउंडर्स, टेक एक्सपर्ट्स और विदेशी डेलीगेट्स पहुंचे थे। भारी भीड़ और कड़ी सुरक्षा के कारण एंट्री पॉइंट्स पर लंबी कतारें लग गई। ग्लोबल टेक कंपनियों के प्रतिनिधि और डेलीगेट्स को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ के सामान भी चोरी हुए। पीएम मोदी के आने से पहले फाउंडर्स और एग्जिबिटर्स को वेन्यू में एंट्री के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ा। पीएम मोदी के आने से पहले फाउंडर्स और एग्जिबिटर्स को वेन्यू में एंट्री के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ा। लाइनें नजर आईं। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज 17 फरवरी को कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी अक समिट है। पहले दिन ही 70 हजार से ज्यादा लोग कार्यक्रम में पहुंचे। अब इंतजाम ठीक हैं, लेकिन अगर कल किसी को परेशानी हुई तो हम उसके लिए माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सुझावों के लिए तैयार है और अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है। 'वॉर रूम' एक ऐसा कंट्रोल सेंटर होता है जहां से पूरे वेन्यू की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाती है। कई एग्जीबिटर्स ने शिकायत की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से पहले सुरक्षा जांच के नाम पर उन्हें उनके ही स्टॉल से बाहर कर दिया गया। स्टार्टअप 'नियो सेपियन' के उएड धनंजय यादव ने आरोप लगाया कि सुरक्षा जांच के लिए जब उन्हें स्टॉल से बाहर भेजा गया, तब उनके कीमती अकवियरेबल्स गायब हो गए।

चांदी आज 8 हजार गिरकर 2.33 लाख पर: सोना 2 हजार घटकर 1.51 लाख हुआ

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। चांदी में आज 17 फरवरी को लगातार चौथे दिन गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 7,992 रुपए गिरकर 2.33 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,242 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले 4 कारोबारी दिन में चांदी 33 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी 1.53 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते 4 कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 24 हजार सस्ता हो चुका है।

1973-2026

सम्पादक की कलम से

प्रधानमन्त्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच कल मुंबई के लोक भवन में मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया। प्रधानमन्त्री मोदी कल फ्रांसीसी राष्ट्रपति से मिलने मुंबई पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार जब राष्ट्रपति मैक्रों भारत में एआई इम्पैक्ट समिट के लिए आए हैं, तो हमारा सौभाग्य है कि हम उनका स्वागत भारत के गेटवे यानी मुंबई में कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत और फ्रांस के संबंध बहुत ही विशेष हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों प्राचीन और समृद्ध सभ्यताएं हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को बहुत महत्व दिया जाता है। भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि अब भारत और फ्रांस नेशनल मरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स, लोथल पर सहयोग करेंगे और पहले ही ज्वेल म्यूजियम पर साथ काम किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय संस्कृति को फ्रांस के लोगों के करीब लाने के लिए जल्द ही स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर फ्रांस में खोला जाएगा। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का भारत-फ्रांस साझेदारी के प्रति गहरा समर्पण है और आज दोनों देशों ने अपने रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू किया है। उन्होंने विश्व स्थिरता और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने का भी संदेश दिया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि अब हम अपनी कूटनीतिक साझेदारी को हमारे लोगों की साझेदारी बनाने जा रहे हैं। रक्षा या स्वच्छ ऊर्जा हो या स्पेस हम सब जगह अपने उद्योग को कनेक्ट करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारे छात्र-रिसर्चर्स के आदान-प्रदान को और सुगम करेंगे। इसके अलावा जॉइंट इनोवेशन के नए सेंटर तैयार करेंगे। हम क्रिटिकल मिनरल्स, बायोटेक्नोलॉजी में अपना सहयोग मजबूत कर रहे हैं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत-फ्रांस साझेदारी की कोई सीमा नहीं है। वर्ष 2026 भारत और यूरोप के संबंधों में एक टर्निंग पॉइंट है। कुछ ही दिन पहले हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता किया। आपसी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए हम आज समझौते कर रहे हैं। इनके जरिए अब आपसी कंपनियों को डबल टैक्स नहीं देना होगा। यही शेयर्ड प्रॉसपैरिटी का रोडमैप है। पीएम मोदी के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने संबोधन में सबसे पहले भारत में अपने चौथे आधिकारिक दौरे के दौरान गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध विशेष और अद्वितीय हैं, जो विश्वास, पारदर्शिता और महत्वाकांक्षा पर आधारित हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया कि दोनों देशों ने आज इस साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया है, जो दोनों देशों के लिए नया महत्व मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में दोनों देशों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कई नई पहल की हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि चाहे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र हो, नयी तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी परियोजनाएं हों, दोनों देशों ने मिलकर कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने यह भी कहा कि दोनों देश कानून का सम्मान करते हैं और किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार नहीं होने पर विश्वास रखते हैं। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा संबंध बेहद गहरे हैं। दोनों देशों के बीच एक बड़ी ट्रेड डील भी होने वाली है।मैक्रों और पीएम मोदी संग वार्ता में राफेल सहित कई मुद्दों पर समझौते होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन सबके बीच एक बड़ी बात भी सामने आ रही है कि फ्रांस अपनी सेना के लिए भारत से हथियार खरीदेगा। फ्रांस भारत से, पिनाक मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम खरीद सकता है। राफेल विमान के साथ अगर यह डील भी हो जाती है, तो भारत के हथियार निर्यात के लिए एक बहुत बड़ी बात होगी, क्योंकि फ्रांस एक विकसित देश है। ग्लोबल आर्म्स मार्केट का एक बहुत बड़ा हिस्सा फ्रांस के पास है। वह नाटो का सदस्य होने के साथ एक सुपर पावर भी है। ऐसे में फ्रांस अगर पिनाक पर भरोसा करता है, तो यह भारत के हथियारों की विश्वसनीयता के लिए बहुत बड़ी बात होगी। पिनाक भारत का एक बेहतरीन मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है, जो अपनी श्रेणी में दुनिया के किसी भी सिस्टम को कड़ी टक्कर देता है। इस सिस्टम का सीधा मुकाबला अमेरिकी रॉकेट सिस्टम हिमर्स और रूसी टोनाडो-एस से है। फ्रांस और भारत के बीच पिनाक रॉकेट सिस्टम के लिए बातचीत चल रही है। बीते दिनों फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया। इस टीम ने इस सिस्टम के परफॉर्मेंस, लॉन्चर और एम्युनिशन का मूल्यांकन किया। मौजूदा समय में फ्रांस की आर्मी के पास एम270 लान्स रोक्यूट्स यूनिटेयर नामक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है, जो काफी पुराना हो चुका है। फ्रांस इसको अपग्रेड करना चाह रहा है। हालांकि, फ्रांस अपना नया रॉकेट सिस्टम फ्रैंप लॉन्ग पोर्टी टेरेस्ट्री सिस्टम तैयार भी कर रहा है, लेकिन, माना जा रहा है कि उसके तैयार होने में काफी समय लगेगा। ऐसे में तब तक सेना की जरूरत को पूरा करने के लिए फ्रांस पिनाका खरीदना चाहता है। भारत का पिनाक बहुत ही किफायती रॉकेट सिस्टम है, जो अमेरिकी सिस्टम हिमर्स को क्वालिटी में टक्कर देता है। अर्मेनिया पहले ही भारत से यह सिस्टम खरीद चुका है, 'पिनाक' शिव के धनुष का नाम है। पिनाक की मारक क्षमता 75 से 90 किमी की है। भारत ने पिनाक एमके 3 भी डेवलप कर लिया है, जिसकी रेंज 120 से 130 किमी है। इसके अलावा पिनाक एमके 4 पर भी काम चल रहा है, जिसकी रेंज 300 किमी तक रहने की उम्मीद है। मल्टी बैरल रॉकेट सिस्टम की ग्लोबल रैंकिंग में पिनाक हमेशा से टॉप-5 में रहा है। अमेरिकी सिस्टम की रेंज 300 से 499 किमी है, जबकि रूस की 120-200 किमी है। हालांकि, पिनाक की रेंज कम है, लेकिन उसकी रैपिड फायर क्षमता अन्य पर भारी पड़ती है। यह 44 सेकेंड में 12 रॉकेट फायर करता है, जबकि अमेरिकी हिमर्स 45 सेकेंड में छह रॉकेट दागता है। कीमत के मामले में भी पिनाक अन्य देशों को रॉकेट लॉन्चर से काफी सस्ता है। डीआरडीओ ने इसको पूरी तरह देसी अंदाज में बनाया है। सभी कल-पुर्जे भारत ही में बने हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

'दुम' 'आँखें' 'भलाई' 'नेता'

कभी वो दुम हिलता है,कभी आँखें दिखाता है,
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।
फरेबों ही को बुनता है,भलाई कुछ नहीं करता,
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।

ममता बोली- चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना

कोलकाता, 17 फरवरी (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। ममता ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा- भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए।" ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। आयोग लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों से आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है।

हिन्दू सम्मेलन में वर्ग विशेष के प्रति जागरुक रहने पर जोर

- भिक्षा जिहाद से सजग रहने को समाज का किया आह्वान

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में मंगलवार को जैन औषधालय, प्रेमपुरी में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा हिंदू समाज की एकता पर बल देते हुए जनसंख्या बढ़ाने और जातियों में न बंटने का संकल्प दिलाया। इस दौरान संघ के 'पंच परिवर्तन समेत इतिहास व उद्देश्यों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। इस सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संघ के कारण आज हम हिंदू होने पर गर्व कर सकते हैं, यदि संघ ना होता तो तिलक और जनेऊ का सम्मान नहीं बचता। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार एवं छुआछुत से हिंदू समाज को नुकसान हो रहा है। स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि मुसलमानों द्वारा अनेक प्रकार के जिहाद चलाए जा रहे हैं। अब भिक्षा जिहाद भी सामने आया है इसमें कुछ लोग पहचान बदलकर हिंदुओं को ठगने का काम कर रहे है। उन्होंने हिंदुओं को अपनी जनसंख्या बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर पहले ही भारत 1947 में बंट चुका है। कुछ लोग धर्म के आधार पर पहले ही पाकिस्तान ले चुके हैं अब भारत केवल राम कृष्ण का देश है हिन्दू ही भारत के मूल निवासी है। जिला प्रचारक निपेंद्र जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का एकमात्र ऐसा संगठन है, जो 100 वर्ष बाद भी पूर्ण रूप से सक्रिय है और अनुशासित है। उन्होंने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि समाज की एकता के द्वारा ही आज राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया। उन्होंने आए हजारों व्यक्तियों को पंच परिवर्तन पर चलकर समाज निर्माण का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती शिशु मंदिर एवं एसएसडी पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हरिनाम संकीर्तन के गायकों ने बहुत सुंदर भजन गाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वेदांशी एड. द्वारा वंदे मातरम का पाठन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कौशिक व संचालन अनिल तायल एवं सीताराम जी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मुख्य रूप से अशोक जी, मनोज गर्ग, संजय गर्ग, योगेश मित्तल, दीपक मित्तल, शलभ गर्ग, निशांत भटनागर, राजीव चंदा, सुशील प्रजापति, नरेन्द्र वर्मा, संजय मित्तल, शिवम तायल, डॉ. अनुज पचीसिया, वैभव गुप्ता, मनोज गोयल, सचिन सैनी, उत्कर्ष गर्ग, रोहित जैन, सचिन, जयवीर सिंह, दिनेश बंसल, अभिलक्ष मित्तल, राजीव शर्मा, बीना त्यागी, कुसुम, दुलारी मित्तल, अमित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

भोजन माताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। प्राथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली रसोई माताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उक्त प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने वेतन भुगतान में देरी और मानदेय बढ़ाए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए राहत दिलाने की गुहार लगाई। मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर रसोई माताओं ने डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में अवगत कराया कि जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत भोजन माताओं को वर्ष में 12 माह के स्थान पर केवल 10 माह का वेतन दिया जाता है। वर्तमान में उन्हें मात्र 2,000 रुपये प्रति माह मानदेय मिल रहा है, जो कि परिवार के भरण-पोषण के लिए अत्यंत अपर्याप्त है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि सरकार द्वारा समय पर वेतन का भुगतान नहीं किए जाने से आर्थिक तंगी हो रही है। कई भोजन माताओं का 8 माह का वेतन अभी बकाया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर बनी हुई है। महिलाओं ने कहा कि वे सभी गरीब परिवारों से संबंध रखती हैं और नियमित वेतन न मिलने से उनके सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में रसोई माताओं ने मांग की कि उनका मानदेय 2,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये प्रतिमाह किया जाए तथा लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे आगे भी ऐसे आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। इस दौरान महिलाओं ने प्रशासन से सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए न्यायोचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान मुख्य रूप से उर्मिला, रेनू, मनीषा, विद्या देवी, मिथलेश, सुनीता, कमलेश, गीता, प्रिया, संगीता, चन्द्रकली, सुमन, पुष्पा आदि अन्य महिलाएं मौजूद रही।

नई दिल्ली से चेन्नई जा रही एक्सप्रेस के पार्सल वैन में लगी आग

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। चेन्नई जा रही जीटी एक्सप्रेस ट्रेन के पार्सल वैन में अचानक आग लगने की घटना सामने आई है। यह घटना नागपुर रेल मंडल के सिंधी और तुलजापुर स्टेशन के बीच किलोमीटर 784/07 के पास हुई। ट्रेन संख्या 12616 के रियर पार्सल वैन में आग लगते ही धुआं उठने लगा। चालक ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए ट्रेन रोककर डिब्बे को बाकी कोचों से अलग कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही रेलवे और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि पार्सल वैन में आग कैसे लगी। घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। रेलवे के सुरक्षा विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आग बुझाने के बाद ट्रेन करीब डेढ़ घंटे की देरी से रवाना की गई।

काली नदी पूर्वी (नागिन नदी) के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण को लेकर मंथन

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में विगत दिवस जनपद में काली नदी, पूर्वी (नागिन नदी) के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण संबंधित बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में काली नदी पूर्वी के जीर्णोद्धार के लिए जरुरी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने डीपीआरओ रेनु श्रीवास्तव को ग्राम अंतवाड़ा, पलड़ी, रसूलपुर कैलौरा, खोकनी, वाजिदपुर खुर्द, गालिबपुर, जसौड़ा जाटन, जसौला, सिकंदरपुर खुर्द तथा कढ़ली ग्राम पंचायतों में नदी से जुड़े जल निकासी चैनल व नालों की सफाई के लिए तत्काल कार्य योजना तैयार करते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग को उक्त ग्रामों में अब जैविक खेती को प्रोत्साहित करने व प्रदूषण विभाग को नदी में गिरने वाले नालों का निरीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान दिए। बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग अभिनव राज ने आगामी महीनों में नदी तटों पर व्यापक वृक्षारोपण कराए जाने की जानकारी दी। बैठक में नगर पालिका, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कृषि विभाग, मनरेगा, जल निगम (ग्रामीण एवं नगरीय) समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के तहत संगोष्ठी का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेक फास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के अंतर्गत मंगलवार को जनपद में प्रस्तुतीकरण एवं गोष्ठी का आयोजन आईटीआई में किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल एवं अध्यक्षता सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिले के अन्य ग्रामों को भी ग्रामीण पर्यटन सम्बन्धी लाभों से जोड़े जाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रालोद विदित मलिक ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उम्मीद जताई कि इस नीति के माध्यम से न केवल गांवों तक रोजगारों के नये रास्ते खुलेंगे बल्कि यह ग्रामीण एवं क्षेत्रीय संस्कृति को संजोने में लाभदायक होगी। आदित्य त्यागी सीएम फेलो द्वारा विस्तार से उपर्युक्त पर्यटन नीति का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस नीति के तहत आवासीय इकाईयों को ग्रामीण, शहरी एवं बेड व ब्रेकफास्ट के रूप में पंजीकृत किया जा सकेगा, जिस में आवासीय घर के 1 से 6 कक्ष किराये के लिए उपलब्ध होंगे। संदीप उपाध्याय एवं प्रमोद चेतल, प्रतिनिधि लक्ष्य एनजीओ ने जिले में ग्रामीण पर्यटन एवं होमस्टे पर चर्चा करते हुए लक्ष्य एनजीओ द्वारा ग्रामीण पर्यटन हेतु विकसित किये जा रहे देवल एवं शुक्रताल गांवों में किए कार्यों एवं आगामी रूपरेखा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सीडीओ कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए उक्त नीति से ग्राम एवं कस्बे भी राज्य के विकास में अहम भूमिका निभायेंगे। इस अवसर पर होमस्टे नीति के तहत पर्यटन विभाग द्वारा कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ में प्रशिक्षित 04 लोकल टूरिस्ट गाईड को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस दौरान लगभग 25 लोगों ने होमस्टे नीति के तहत पंजीकरण कराने की इच्छा व्यक्त की तथा ऑफलाइन पंजीकरण कराया। रविशंकर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सहारनपुर ने बताया कि होमस्टे नीति के तहत जनपद में कुल 09 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनकी पंजीकरण कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष भाजपा, संजय राठी, जिलाध्यक्ष, रालोद, कुणाल वर्मा, सीएम फेलो तथा श्री संदीप उपाध्याय सहित अन्य अतिथि उपस्थिति रहे।

स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध, भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। भारतीय किसान यूनियन सर्वधर्म से जुड़े पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पहुंच डीएम कार्यालय पर किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के साथ बिजली विभाग से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। मंगलवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जनपद में वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली के मीटरों को लेकर आम जनता में असंतोष और भय का माहौल व्याप्त है। इसके कारण किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका जताई गई है। वहीं कई स्थानों से शिकायतें मिल रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अनियंत्रित रूप से बढ़ भी रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों का आरोप है कि पारंपरिक मीटरों की तुलना में स्मार्ट मीटर पारदर्शिता के बजाय विभागीय कर्मचारियों के शोषण का माध्यम भी बनते जा रहे हैं। उनका कहना है कि बिना जन सहमति और पर्याप्त जागरूकता के जनपद में इस व्यवस्था को लागू करना सामाजिक न्याय के खिलाफ है। संगठन ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पूर्ण पारदर्शिता व न्याय सुनिश्चित होने तक योजना को स्थगित रखा जाए। किसान यूनियन ने कहा कि यह निर्णय लाखों नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता है, ऐसे में जनहित को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से इस्लाम, मैराज जहां, सहरावत अली सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

चरथावल, 17 फरवरी (बु.)। पुलिस ने सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया से मिली जानकारी के अनुसार थाना चरथावल पर पंजीकृत अपराध संख्या 18/2026 धारा 352/353(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक परवेंद्र रनधावा ने टीम के साथ ग्राम घिस्सूखेड़ा में दबिश दी। दबिश के दौरान अभियुक्त रामपाल पुत्र चंदा अपने घर पर मौजूद मिला। पुलिस ने उसे गिरफ्तारी का कारण बताते हुए नियमानुसार हिरासत में ले लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर तथा चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई को पुलिस ने कानून व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारीपूर्वक करें तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचें।

पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्त किए गिरफ्तार, अलग-अलग स्थानों से हुई गिरफ्तारी

चरथावल, 17 फरवरी (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वारंटी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चरथावल पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में वांछित गैर जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं. 2, मुजफ्फरनगर से जारी वाद संख्या 9742/9/20 (अपराध संख्या 54/20) धारा 279/337/338/427 भादवि से संबंधित अभियुक्त राकेश पुत्र चमन सिंह निवासी ग्राम लुहारी खुर्द को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक अरुण बंसल व कांस्टेबल अमित कुमार की टीम ने अंजाम दिया। दूसरी कार्रवाई में माननीय न्यायालय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय संख्या-1, मुजफ्फरनगर से जारी वाद संख्या 1353/11/23 धारा 128 सीआरपीसी के तहत रवि पुत्र मामू निवासी महाबलीपुर को मुखबिर की सूचना पर दधेड़ू चौकी के पास से उपनिरीक्षक निक्की माहोर ने गिरफ्तार किया। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया के अनुसार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में कार्रवाई की गई है। दोनों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

उत्तराखंड के तीर्थों में मुस्लिम-ईसाइयों के लिए 'नो एंट्री'

हरिद्वार, 17 फरवरी (एजेंसी)। हरिद्वार में गंगा घाट के बाद उत्तराखंड के तीर्थों में मुस्लिम-ईसाइयों के लिए 'नो एंट्री' की तैयारी चल रही है। 16 जनवरी 2026, हरिद्वार में गंगा घाट पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए। लिखा था- हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है। बोर्ड पर किसी संस्था का नाम नहीं है। नीचे सिर्फ इतना लिखा है कि आज्ञा से म्युनिसिपल एक्ट हरिद्वार। इसके बाद से उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ समेत 47 तीर्थस्थलों पर गैर हिंदुओं की एंट्री बैन करने की मांग ने जोर पकड़ लिया। इसके लिए प्रस्ताव लाया जा रहा है। हर की पैड़ी का जिम्मा संभालने वाली श्री गंगा सभा ने गंगा घाटों पर बोर्ड लगाकर इसकी शुरूआत कर दी। चारधामों में भी जल्द ही ऐसे बोर्ड नजर आने वाले हैं। चारधाम बोर्ड या कमेटियां ही नहीं, सरकार ने भी रुख साफ कर दिया है। सीएम पुष्कर धामी ने कहा है कि चारधामों की कमेटियां, संत समाज और तीर्थस्थलों के लिए जिम्मेदार लोग जो कहेंगे, हम वही करेंगे। इसके लिए 1916 के हरिद्वार म्युनिसिपल एक्ट/बायलॉज पर स्टडी भी हो रही है।

मृतक शुभम के परिजनों को अखिलेश यादव ने भेजी सहायता

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। बीते दिनों कूकड़ा कमल नगर निवासी गरीब ई-रिक्शा चालक शुभम पाल की हत्या करके ई-रिक्शा लूट ली गई थी। इस प्रकरण व मृतक शुभम पाल के परिजनों की कमजोर स्थिति से सपा के प्रदेश सचिव विनय पाल द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराते हुए आर्थिक सहायता की अपील की थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मृतक शुभम पाल की माता की आर्थिक सहायता हेतु भेजे एक लाख रुपए की सहायता राशि के चेक को राष्ट्रीय महासचिव व सपा लोकसभा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक, जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी प्रदेश सचिव विनय पाल ने मृतक शुभम पाल के आवास पर पहुंच कर एक लाख का चेक मृतक की माता को सौंपकर मृतक के प्रति सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का संवेदना संदेश दिया। समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल द्वारा मृतक शुभम पाल की माता को 21,000 रुपए की सहायता राशि दी गई। सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ते अपराधों से निर्दोष लोग मौत का शिकार होने के साथ उनके परिवार को आर्थिक दयनीय स्थिति से गुजरना पड़ रहा है, लेकिन सरकार ऐसे परिवारों की सुध तक नहीं लेती, सपा ऐसे परिवारों के दुःख में हमेशा साथ है। सहायता राशि प्रदान करने में वरिष्ठ सपा नेता व बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड, राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी, प्रदेश सचिव चौ. इलम सिंह गुर्जर, पूर्व मंत्री महेश बंसल, साजिद हसन, दर्शन सिंह, दीप्ति पाल, सतीश गुर्जर, विकिल गोल्डी अहलावत, डॉ. नरेश विश्वकर्मा, पवन पाल, रामपाल सिंह, डॉ. प्रमोद पाल, धर्मेंद्र नीटू, सुरेश पाल, अनुराग पाल, अनुज कुमार गुर्जर सहित समाजवादी पार्टी व पाल समाज के अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

श्री एकान्तेश्वर महादेव धाम शाहपुर में महाशिवरात्रि का भव्य दो दिवसीय महोत्सव संपन्न

शाहपुर, 17 फरवरी (बु.)। श्री एकान्तेश्वर महादेव धाम में दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन बाबा की हल्दी एवं मेहंदी रस्म का आयोजन महिला मंडल द्वारा किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

इस दौरान महिलाओं ने भगवान शिव का गुणगान किया और शिव नाम की मेहंदी लगाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस में डूबा नजर आया। दूसरे दिन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रात्रि 3 बजे से अगली रात्रि 12 बजे तक लगभग 8,650 श्रद्धालुओं ने महादेव को जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। रात्रि में हरिद्वार के डी.पी. कौशिक आर्ट ग्रुप द्वारा सुंदर शिव विवाह मंचन का आयोजन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े भाव-विभोर होकर देखा। ठीक रात्रि 12 बजे भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त मंदिर परिसर में उपस्थित रहे। मंदिर ट्रस्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि सैकड़ों वर्ष प्राचीन इस सिद्धपीठ का पिछले तीन वर्षों से जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है, जो श्रद्धालुओं के सहयोग से निरंतर प्रगति पर है। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर को कई लाख रुपये का गुप्त दान एवं लाखों रुपये का नकद चढ़ावा प्राप्त हुआ, जो मंदिर संचालन एवं विकास कार्यों में लगाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट द्वारा सभी श्रद्धालुओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

पुरकाजी में महिला शक्ति का ऐतिहासिक संगम

- हिंदू-मुस्लिम सहित हजारों महिलाओं ने एक साथ गाया राष्ट्रगान

पुरकाजी, 17 फरवरी (बु.)। पुरकाजी कस्बे में महिला शक्ति, देशभक्ति और सामाजिक एकता की ऐतिहासिक तस्वीर देखने को मिली, जब हिंदू-मुस्लिम सहित सभी जाति और समाज की हजारों महिलाएं एक साथ एक मंच पर पहुंचीं और सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। मिशन महिला शक्ति के तहत आयोजित पुरकाजी महिला दिवस-3 कार्यक्रम ने कस्बे ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई। यह भव्य कार्यक्रम पुरकाजी-खाईखेड़ी रोड स्थित सैनी फार्म हाउस में चेयरमैन और भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव जहीर फारुकी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की भीड़ इतनी ज्यादा रही कि हजारों कुर्सियां भी कम पड़ गईं, लेकिन महिलाओं का उत्साह अंत तक बना रहा। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी खास बात यह रही कि इसमें हिंदू, मुस्लिम सहित सभी जातियों और समाज की महिलाएं शामिल हुईं। सभी महिलाएं एक साथ बैठीं, कार्यक्रम सुना और अंत में एक साथ खड़े होकर राष्ट्रगान गाया। इस दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यह नजारा इस बात का प्रतीक बना कि पुरकाजी में सभी समाज की महिलाएं एकजुट हैं और देश के लिए एक साथ खड़ी हैं। कार्यक्रम के अंत में हजारों महिलाओं ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार और देशभक्ति की भावना देंगी। महिलाओं ने देश के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। चेयरमैन जहीर फारुकी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं और मां ही बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि पुरकाजी के बच्चे आगे चलकर आईएएस, आईपीएस और जज बनें, इसके लिए वे हर संभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में रीना पवार ने महिलाओं से बच्चों की सुरक्षा और उनके सही पालन-पोषण पर ध्यान देने की अपील की। वहीं प्रीति चौधरी ने कहा कि बेटियों को बेटों के बराबर शिक्षा देना जरूरी है, क्योंकि आज बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि और हजारों महिलाओं ने ध्वजारोहण किया और सामूहिक राष्ट्रगान गाया। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इस आयोजन की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के आखिर में मुख्य अतिथि बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान की धर्मपत्नी और समाजसेविका यशिका चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि मैं इतनी बड़ी तादाद में महिलाओं का यह पहला कार्यक्रम देख रही हूं। मुझे अपने देश की महिलाओं पर और बिजनौर लोकसभा के पुरकाजी कस्बे पर गर्व है कि जब देशभक्ति के लिए उन्हें आवाज दी गई तो वो पुरुषों से अधिक तादाद में घरों से निकलकर यहां आई हैं। मैं पुरकाजी की महिलाओं के अधिकारों के लिए सदैव साथ खड़ी हूं। चेयरमैन जहीर फारुकी ने पुरकाजी को एक मॉडल के रूप में स्थापित कर दिया है। यह कार्यक्रम पुरकाजी के इतिहास में महिला एकता, महिला सशक्तिकरण और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की एक बड़ी और यादगार मिसाल बन गया है।

प्लाट बिकाऊ है
खतौली में
1500 गज
का प्लाट
बिकाऊ है।
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें–
M.9568656955

बेदखली सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र शाहनजर चौधरी हमारे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए हम उससे सभी सम्बन्ध-विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। यदि शाहनजर चौधरी किसी से कोई लेन-देन, व्यवहार या कोई अन्य कृत्य करता है, तो हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अपने किये का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
शमशाद पुत्र श्री फरजुल्ला,
मांगी पत्नी श्री शमशाद
निवासीगण-ग्राम-नरा, थाना-मंसूरपुर,
जिला- मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 26 केंद्रों पर शुरू

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 2026 बोर्ड परीक्षा मंगलवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और तीसरी आंख की नजर में प्रारंभ हो गई। सीबीएसई बोर्ड देहरादून के क्षेत्रीय कार्यालय से जनपद में निर्धारित बोर्ड परीक्षा केंद्रों के नाम के साथ सूची प्रेषित किए जाने के साथ मुजफ्फरनगर में इस वर्ष कुल 26 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षार्थी अपनी 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं देंगे। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को उनके एडमिट कार्ड दिखाने के बाद प्रवेश दिलाया गया। मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड के मुख्य विषय की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। मुजफ्फरनगर जिले में 70 से अधिक सीबीएसई के विद्यालय संचालित है, जिनमें 10वीं व 12वीं के 15 हजार से अधिक बोर्ड परीक्षार्थी इस बीच परीक्षा देंगे। जनपद में परीक्षा के लिए 26 सीबीएसई विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है, जिन पर अलग-अलग विद्यालयों के इस दौरान विद्यार्थियों के सेंटर लगाए गए हैं। सीबीएसई बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, कक्ष व्यवस्था, बैठने की क्षमता व निगरानी को सीसीटीवी द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं ताकि परीक्षाएं अनुशासनपूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकें। मंगलवार को उक्त परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। जनपद में सीबीएसई बोर्ड की ओर से चयनित परीक्षा केंद्रों में एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, एमजी पब्लिक स्कूल, एसडी पब्लिक स्कूल, शारदेन स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय बघरा, होली एंजिल्स कान्वेंट स्कूल, जेवी पब्लिक स्कूल, डीएस पब्लिक स्कूल, ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल, दि एसडी पब्लिक स्कूल, न्यू होराइजन पब्लिक स्कूल, न्यू वेलकिन पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल रहकड़ा, पीआर पब्लिक स्कूल गढ़ी पुख्ता, एसडीएस पब्लिक स्कूल तितावी, ज्ञानदीप पब्लिक लालूखेड़ी, नालंदा पब्लिक स्कूल चरथावल, केके पब्लिक स्कूल, मेपल्स एकेडमी, माडर्न पब्लिक स्कूल खतौली, एसएफएसडीवी पब्लिक स्कूल मंसूरपुर, ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल मीरापुर, मेपल्स एकेडमी, डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़ाना, बलवंती देवी स्कूल बिटावदा शामिल हैं।

चोरी के आरोपी को ढाई साल की सजा व 4000 रुपये का अर्थदण्ड

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। कोर्ट ने चोरी के आरोपी को ढाई साल की सजा व 4000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार मीरापुर पुलिस ने चोर जुबेर निवासी मोहल्ला खादरवाला को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया था। मामले की सुनवाई एसीजे (जेडी) कोर्ट नम्बर 4 में हुई। कोर्ट ने मामले में आरोपी को ढाई साल की सजा व 4 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

शॉर्ट सर्किट से मोबाइल व लैपटॉप चार्जर में लगी आग

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। खालापार थाना क्षेत्र के मौहल्ला किदवईनगर में मोबाइल व लैपटॉप चार्जर में हुए शॉर्ट सर्किट के मकान की ऊपरी मंजिल में आग लग गयी। फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग में लाखों रुपये का सामान क्षतिग्रस्त होना बताया है। सोमवार को नगर के मौहल्ला किदवईनगर निवासी जहीम हुसैन के बेटे जव्वाद का जन्मदिन था। देर रात जव्वाद व उसका भाई फरहान अपने लैपटॉप और मोबाइल फोन को चार्जिंग पर लगाकर अपने पिता के साथ मीनाक्षी चौक पर खाना खाने के लिए आ गए। इसी बीच मकान की ऊपरी मंजिल से धुआं निकलते हुए देखकर पड़ोसियों ने मकान मालिक को आग लगने की जानकारी दी। मकान मालिक ने दमकल विभाग को मामले की सूचना दी, तो तुरन्त मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। आग के कारण दो लैपटॉप, मोबाइल व अन्य सामान जलकर राख हो गये। मकान मालिक के अनुसार आग से लगभग ढाई लाख रुपए का सामान क्षतिग्रस्त हुआ है।

पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की 2.75 अरब की 56 संपति होगी कुर्क

सहारनपुर, 17 फरवरी (एजेंसी)। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल की अदालत ने पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की करीब 2.75 अरब रुपये की 56 संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए यह आदेश दिया है। कुर्की की कार्रवाई के लिए बेहट तहसीलदार को प्रशासक नियुक्त किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट की तरफ से जारी आदेशों में कहा गया कि मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद वाजिद, अलीशान, अफजाल निवासी मिर्जापुर पोल गिरोहबंद व्यक्ति है। इनके खिलाफ मिर्जापुर थाने में अपराध संख्या 83/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम पंजीकृत हुआ था। मोहम्मद इकबाल ने सहयोगियों, रिश्तेदारों और विभिन्न कंपनी के नाम से खैर की लकड़ी चोरी, अवैध खनन आदि अपराधों में लिप्त रहने के दौरान अवैध धन अर्जित किया। लोगों को डरा-धमकाकर सरकारी व गैर सरकारी जमीनें क्रय व कब्जा की गई। उक्त संपत्तियों की कीमत करीब दो अरब 75 करोड़ है, जिसे कुर्क करने के आदेश जारी किए गए हैं। कुर्की की आगामी कार्रवाई के लिए बेहट तहसीलदार को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

जनपद के 72 परीक्षा केन्द्रों पर आज से होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। यूपी बोर्ड की वर्ष-2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च तक चलेंगी। जनपद में 72 परीक्षा केंद्र इसके लिए बनाए हैं, जहाँ करीब 56,000 परीक्षार्थी, जिनमें से 29,000 परीक्षार्थी हाई स्कूल व 27,000 इंटरमीडिएट के परीक्षा देंगे। परीक्षा में इस बार नकल रोकने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी और 24 घंटे पुलिस की तैनाती तय की गई है। जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। बुधवार से दो पालियों में शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा को लेकर मंगलवार को दिनभर तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि यूपी बोर्ड एवं प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप ही सभी व्यवस्थाओं के बीच बोर्ड परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। बुधवार 18 फरवरी से शुरू हो रही माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर मीडिएट परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आला अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार किए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध रूप से लाईट की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, सुदृढ़ सीटिंग प्लान के साथ परीक्षा केन्द्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध, प्रश्नपत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखवाने की व्यवस्था को परखा। डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा सम्बन्धी उक्त सभी समस्याओं को समय से पूर्ण कराने के साथ सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों और वॉयस रिकॉर्डर की नियमित जांच करेंगे। संवेदनशील व अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने बताया कि स्टेटिक मजिस्ट्रेट रोजाना परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नकल विहीन परीक्षा हम सभी का दायित्व है, जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

जेई पर भड़के भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह के पुत्र 'बिजलीघर में आग लगा दूंगा, कहां है तू'

शामली, 17 फरवरी (बु.)। बिजली विभाग के नाकारापन का लेकर भाजपा नेता मनीष चौहान ने जेई को जमकर लताड़ लगाई। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। कांधला क्षेत्र के गांव डुंडूखेड़ा में बिजली लाइन न जुड़ने को लेकर भाजपा एमएलसी चौ.वीरेंद्र सिंह के पुत्र मनीष चौहान और जेई के बीच हुई तीखी नोंकझोंक हुई। वायरल वीडियो में भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान बिजली की समस्या को लेकर जेई सत्यप्रकाश पर नाराजगी जताते हुए धमकी देते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि चार दिन पहले जेई टीम के साथ बिजली चोरी और बकाया वसूली के लिए गांव पहुंचे थे, जहां विवाद के बाद कई लोगों के कनेक्शन काट दिए गए थे। इसके बाद से ग्रामीणों के घरों में अंधेरा छाया हुआ था। आरोप है कि लाइन जोड़ने पहुंचे कर्मचारियों को जेई ने वापस बुला लिया। ग्रामीणों की शिकायत पर भाजपा नेता मनीष चौहान मौके पर पहुंचे और जेई से फोन पर बात की। वार्ता करते हुए भाजपा नेता और जेई के बीच नोक झोंक हुई। बातचीत में भाजपा नेता गर्मागए और जेई तो जमकर लताड़ते हुए बिजलीघर में आग लगाने तक की बात वीडियो में कहते हुए सुनाई दे रहे हैं। जेई सत्यप्रकाश ने वीडियो की जानकारी से इंकार किया है। उधर, जेई ने टीम के साथ गांव में मारपीट करने की तहरीर पुलिस को दी थी, उसमें अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान का कहना है कि उपभोक्ता द्वारा बिल जमा करने के बावजूद उसका कनेक्शन नहीं जोड़ा जा रहा था। जेई को कनेक्शन जोड़ने के लिए कहा था। उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन जुड़वाने के लिए ही कॉल की गई थी।

पालिका की टीम ने अवैध रूप से लगे यूनीपोल उतरवाए

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। नगर में देर रात पालिका की टीम ने अवैध रूप से लगे यूनीपोल उतारने का अभियान शुरू कर दिया। नगर में अनेक स्थानों पर लगे अवैध यूनीपोल के खिलाफ पालिका ने अभियान छेड़ा है। इस दौरान जेसीबी की सहायता से पालिका की टीम शहर की सड़कों पर उतरी तथा अवैध रूप से लगाए गए यूनीपोल उतारने का काम शुरू कराया गया। ज्ञात रहे कि शहर में प्रमुख बाजारों के साथ-साथ तमाम मुख्य सड़कों पर होर्डिंग्स और यूनिपोल का जंजाल खड़ा है। इसके चलते यातायात में भी तमाम असुविधाएं होती है। अनेक बार पालिका को इसके बारे में सूचना मिलती रही है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जाती।

आज तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के आसार

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। गर्माहट बढ़ने के साथ आज नगर में तापमान अधिकतम 27.3 और न्यूनतम 10.4 डिग्री पर आ गया। इस बीच बुधवार को तेज हवाओं व बूंदाबांदी का अनुमान जताया गया है। सूरज की तपिश के साथ गर्माहट बढ़ रही है। इसके चलते दिन में तो गर्म कपड़े हल्के स्वेटर तक सीमित रह गए हैं। अनुमान है कि दिल्ली व एनसीआर में मौसम बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की आवाजाही देखी जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को मौसम ज्यादा खराब रहेगा। इस दौरान विभिन्न हिस्सों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से हवाएं चलेंगी। इसी दिन दोपहर में भी हल्की बारिश हो सकती है।

शंकराचार्य के खिलाफ कैराना कोर्ट पहुंचे आशुतोष महाराज

अविमुक्तेश्वरानंद के बयान-पेशेवर अपराधी और बदमाश कहने पर वाद दाखिल किया

शामली, 17 फरवरी (बु.)। शंकराचार्य अवि मुक्तेश्वरानंद और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्यवादी व पक्षकार आशुतोष महाराज के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ प्रयागराज की अदालत में यौन शोषण का वाद दाखिल करने के बाद से दोनों के बीच जुबानी जंग जारी है। इसी बीच अब जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ मानहानिकारक बयान और डिजिटल दुष्प्रचार का आरोप लगाते हुए कैराना की कोर्ट में सोमवार को परिवाद दायर किया है। यह वाद अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली के समक्ष विधिक परिवाद के रूप में दायर किया गया है। अब 9 मार्च को सुनवाई होगी। आशुतोष महाराज ने कहा- हाल के दिनों में सोशल मीडिया एवं राष्ट्रीय मीडिया मंचों पर भ्रामक एवं मानहानिकारक प्रचार किया गया है। विशेष रूप से अविमुक्तेश्वरानंद ने वीडियो बयान में मुझे 'पेशेवर अपराधी', पेशेवर हिस्ट्रीशीटर, जेल काटने वाला पेशेवर अपराधी एवं "बदमाश" जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। जबकि कोर्ट ने उन्हें इस प्रकार दोषसिद्ध घोषित नहीं किया गया है। जबकि ऐसे बयान वायरल करके मेरी धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने का प्रयास

दो पक्षों में पानी से भरा गुब्बारा मारने को लेकर मारपीट

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर में पानी से भरे गुब्बारा मारने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो पर संज्ञान लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार नई मण्डी कोतवाली के क्षेत्र कूकड़ा के कुछ युवक गांधीनगर क्षेत्र में किसी काम से आए हुए थे। तभी एक बच्चे ने पानी से भरा गुब्बारा फेंक दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी शुरू हो गई, जो मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लात-घूसों से हमला किया। मारपीट में एक पक्ष की महिला भी घायल है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। नई मंडी थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने बताया की वायरल वीडियो के आधार पर

पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

रंजिशन युवक पर जानलेवा हमला, फायरिंग करते बदमाशों का वीडियो वायरल

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। जनपद में बदमाशों के हौसले पस्त होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला बुढाना कोतवाली क्षेत्र के मंदवाड़ा रोड का है, जहाँ बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों द्वारा युवक का पीछा करते हुए फायरिंग करने की यह पूरी वारदात पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित दानिश सोमवार को बाजार से दवाई लेकर अपनी बाइक से घर लौट रहा था। दानिश का आरोप है कि जब वह स्कूल के पास पहुँचा, तभी बाइक सवार आमिर पुत्र लियाकत और समद पुत्र समीर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक से गिरते ही बदमाशों ने उस पर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पीड़ित दानिश ने बताया कि आरोपियों के साथ उसका पुराना विवाद चल रहा है, जिसके संबंध में पहले भी मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। दानिश के अनुसार ये लोग खुद को गैंगस्टर मानते हैं और पहले भी हमारे घर पर हमला कर चुके हैं। वे पुराने केस में दबाव बनाने के लिए मुझ पर हमला कर रहे हैं। मैं पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग करता हूँ।

पुलिस की कार्रवाईः दो हिरासत में

मुजफ्फरनगर। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी मुजफ्फरनगर, संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जान बचाने के लिए छत से कूदा पीड़ित

मुजफ्फरनगर। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि हमलावर दानिश का पीछा कर रहे हैं। जान बचाने के लिए दानिश एक मकान में घुस गया और वहां की छत से बराबर वाले खाली प्लॉट में काफी ऊँचाई से छलांग लगा दी। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

सीसीटीवी के आधार पर दो गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

राजस्थान में बुढ़ाना के युवक की हत्या

बुढ़ाना, 17 फरवरी (बु.)। लगभग 23 वर्षीय असलम राणा जौला की राजस्थान प्रदेश में 3 लोगों के द्वारा छाती में चाकू मारकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी । घटना का पता जब राजस्थान राज्य की पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को लगा तो परिवार में जबरदस्त कोहराम मच गया और वे आनन-फानन में राजस्थान की ओर दौड़ पड़े। बताया जाता है कि राजस्थान राज्य के जौधपुर जिले के महामंदिर कोतवाली क्षेत्र के भदवासिया ओवरब्रिज के नीचे बीती सोमवार की देर रात खाना लेने आए एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। तीनों हत्यारे मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश हो रही है। बाइक की चपेट में आए घायल पिल्ले को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ा। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। निजी अस्पताल के पीछे राजस्थान के निवासी 23 वर्षीय असलम पुत्र रिटायर्ड फौजी हसन अली की हत्या हुई है।

मुजफ्फरनगर में नाबालिगों की तेज रफ्तार स्कूटी नाले में गिरी, बड़ा हादसा टला

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। शहर के नई मंडी क्षेत्र में तेज रफ्तार का एक मामला सामने आया, जहां स्कूटी सवार तीन नाबालिग युवक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरे। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया और तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। काफी मशक्कत के बाद स्कूटी को भी नाले से बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक तेज गति से स्कूटी चला रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन फिसलकर नाले में जा गिरा। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युवकों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि तीनों को मामूली चोटें आईं, लेकिन गंभीर नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद तीनों नाबालिग युवक बिना किसी पुलिस कार्रवाई के अपने घर चले गए। क्षेत्र में इस बात को लेकर चर्चा है कि नई मंडी इलाके में बड़ी संख्या में नाबालिग किशोर दोपहिया वाहन चलाते देखे जाते हैं, जिससे भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नई मंडी पुलिस द्वारा नाबालिगों के वाहन चलाने पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस द्वारा नियमित अभियान चलाकर नाबालिग चालकों पर सख्ती की जाए, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

मंगलौर में बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सिखेड़ा, 17 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव निराना की रहने वाली महिला के डेढ़ साल के बालक की मंगलौर में ईंट-भट्ठे पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पीड़िता और उसके मायके वालों ने सौतेले पिता पर ही अपने बेटे की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता मंगलौर से ही फरार हो गया था। पीड़िता शव को लेकर मंगलवार की सुबह अपने गांव निराना पहुंची। सिखेड़ा पुलिस निराना में पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। कब्जे में लेकर पीएम को भेजकर पुलिस जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि गांव निराना के रहने वाले आशू ने अपनी पुत्री आसमां का निकाह मीरापुर क्षेत्र के गांव कैथोड़ा में किया था। आसमां के पति की अचानक मौत गई थी। पहले पति से आसमां को डेढ़ साल का बेटा वहीब था। चार माह पूर्व पिता आशू ने आसमां का दूसरा निकाह मीरापुर के गांव मुझेड़ा निवासी फैजान से कर दिया था। वह हरिद्वार के थाना मंगलौर के गांव लधौड़ा में स्थित ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता है। फैजान अपने साथ आसमां और डेढ़ साल के वहीब को भी ईंट भट्ठे पर ले गया था। सोमवार की शाम को आसमां ईंट भट्ठे पर बने कमरे में बालक के लिए दूध गर्म कर रही थी। बालक रो रहा था, इस दौरान पिता फैजान बालक को लेकर दुकान से टॉफी दिलवाने को कहकर बाहर चला गया था। कुछ देर बाद फैजान ने वापस आकर बालक को चारपाई पर लिटा दिया और वहां से चला गया। कुछ देर बाद आसमां ने बालक वहीब को देखा, तो वह मरा पड़ा था। इसी बीच फैजान वहां से फरार हो गया था। मंगलवार की सुबह आसमां अपने बेटे के शव को लेकर अपने गांव निराना पहुंची। इस दौरान किसी ग्रामीण ने बालक की हत्या की सूचना मोबाइल फोन से एसएसपी को दी। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस गांव में पहुंची। पीड़िता और मायके वालों ने फरार सौतेले पिता पर बेटे की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में जुट गई है।

गंगनहर में मिला अज्ञात महिला का सड़ा-गला शव

सिखेड़ा, 17 फरवरी (बु.)। चौ. चरण सिंह कावड़ पटरी मार्ग के गांव काटका सामने गंग नहर पुल के पास झाड़ियों में फंसा अज्ञात महिला का सड़ा-गला शव मिला। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पीएम के लिए भेज दिया है। अभी तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं सका। पुलिस का कहना है कि शव संभवतः पानी के बहाव के साथ बहकर आया होगा और पुल के पास झाड़ियों में अटक गया होगा। शव की सड़ी गली अवस्था को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि कई दिनों से पानी में रहा है।

तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

ढाका, 17 फरवरी (एजेंसी)। बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की।

तारिक रहमान से मिले ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है।

पुलिस से भिड़े कांग्रेसी, बैरिकेडिंग पर चढ़े, 300 कार्यकर्ता हाउस अरेस्ट

लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)। मंगलवार को कांग्रेस ऑफिस के बाहर कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक आराधना मिश्रा मोना समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। 1 घंटे तक गहमागहमी का माहौल रहा। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को रोकने में पुलिसवालों के पसीने छूट गए। आरएफ और पीएसी के 500 से ज्यादा जवानों ने किसी तरह सभी को उतारकर बस में ठूंस-ठूंसकर भरा और ईको गार्डन ले गए। अजय राय बैरिकेडिंग से उतरने लगे तो उनका पैर फिसल गया। वे लड़खड़ा गए। पुलिसवालों ने उन्हें संभाला। दरअसल, अजय राय ने सोमवार को मनरेगा, शंकराचार्य और माता अहिल्याबाई होल्कर मुद्दे को लेकर विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। इस समय विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। कांग्रेस ऑफिस को छावनी में बदल दिया। ट्रकों में भरकर पीएसी और आरएएफ के जवान पहुंचे। बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया समेत प्रदेशभर के 300 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जो लखनऊ के लिए रवाना हुए थे, पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और लौटा दिया। रायबरेली में कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी की पुलिस से नोकझोंक हुई। उन्होंने इंस्पेक्टर से कहा- आप भाजपा के नाम पर गुंडई कर रहे। हरदोई में रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के 8 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। गौतमबुद्ध नगर के कांग्रेसी गाजियाबाद स्टेशन से ट्रेन पकड़कर लखनऊ पहुंच गए। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- अगर आप प्रोटेस्ट करते हैं, तो तैयारी के साथ करें। अगर एक पुलिसवाला डंडा लेकर आता है, तो 50 लोग एक साथ खड़े होने चाहिए। नहीं तो आप डंडा झेलेंगे। हर प्रोटेस्ट ऑर्गनाइज्ड और तैयार होना चाहिए। कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा- लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के प्रदर्शन को रोकना गलत है। योगी आदित्यनाथ का तानाशाही रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अन्तर्राज्यीय स्तर के तीन शातिर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अन्तर्राज्यीय स्तर के तीन शातिरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दो शातिरों को पुलिस की गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गए, जबकि उनका तीसरा साथी पुलिस कॉम्बिंग में दबोच लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 40 हजार रुपए नकद, दो तमंचे व एक बाइक बरामद की है। थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 फरवरी को अज्ञात चोरों ने त्यागी धर्मशाला के निकट खड़ी कार का शीशा तोड़कर 50 हजार रुपए चोरी कर लिये थे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। रात्रि में पुलिस संधावली अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी तो पुलिस को गुप्त सूत्रों से पता चला कि एक बाइक पर बैठकर तीन बदमाश आ रहे हैं। पुलिस ने तीनों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने बाइक और तेज दौड़ा ली और पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में जितेन्द्र व शशि निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद को पुलिस की गोली लग गई, जिससे वे घायल हो गए तथा उनके तीसरे साथी दिलीप उर्फ होलू निवासी आदर्श कॉलोनी सिविल लाइन मुरादाबाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से एक बाइक, दो तमंचे एवं 40 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने त्यागी धर्मशाला के पास से गाड़ी का शीशा तोड़कर 50 हजार रुपए चोरी किए थे। उसके बाद उन्होंने मेरठ में इसी तरह की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है।

मोदी 22 को मेरठ में नमो भारत का करेंगे शुभारंभ

मेरठ, 17 फरवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को मेरठ के मोहिउद्दीनपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए 64 फीट लंबा, 32 फीट चौड़ा और आठ फीट ऊंचा मंच तैयार हो गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्रियों सहित कई वीआईपी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री देश की पहली 'नमो भारत' ट्रेन और सबसे आधुनिक मेट्रो का शुभारंभ भी करेंगे। जनसभा में लगभग एक लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसके लिए शहर में 10 हेलीपेड बनाए गए हैं। रैली स्थल के पास प्रोटोकॉल के अनुसार पीएम के तीन मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए एक-एक हेलीपैड बनाया गया।

कोर्ट से सजायाफ्ता मुठभेड़ में दबोचा

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। थाना तितावी पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर सजायाफ्ता मुजरिम को घायल होने के बाद गिरफ्तार किया है। वह रुड़की अदालत से दोषसिद्ध चल रहा

था। अभियुक्त के कब्जे से एक स्कूटी व अवैध शस्त्र बरामद किए गए। थाना तितावी पुलिस द्वारा छतैला पुलिया पर चेकिंग के दौरान एक स्कूटी को चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया, परन्तु स्कूटी सवार वापस भागने का प्रयास करने लगा। स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गयी तो वह फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ भागने लगा। जवाबी फायरिंग में बदमाश गुफरान पुत्र नजीर अहमद घायल हो गया ।

पंजाब सीएम भगवंत मान को जहर देने का दावा

चंडीगढ़, 17 फरवरी (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ईमेल भेजकर धमकी दी कि सीएम मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे। सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। मोहाली के एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह ने ईमेल की पुष्टि की है। एसपी का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सब सेफ है। सीनियर्स के अगले आदेश तक फोर्स को हॉस्पिटल में तैनात रखा जाएगा। SP दिलप्रीत सिंह ने बताया कि मेल में ब्लास्ट का टाइम दोपहर 1.11 बजे दिया गया, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सुबह साढ़े 7 बजे थ्रेट मेल मिलते ही फोर्टिस अस्पताल और स्कूलों की जांच शुरू की गई। शुरूआती जांच में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली लेकिन चांस नहीं लिया जा सकता।

सीएम मान को जिस पोलोनियम केमिकल देने की बात सामने आई है, वह दुर्लभ रेडियोएक्टिव पदार्थ है। यह बहुत जहरीला होता है। हालांकि, सीएम को पोलोनियम से संक्रमित कब, कहां और कैसे किया गया, खालिस्तान नेशनल आर्मी की मेल में इसका कोई जिक्र नहीं है। सीएम मान रविवार को ब्लड प्रेशर बढ़ने पर मोहाली फोर्टिस अस्पताल में भर्ती हुए थे। फिर सोमवार को डिस्चार्ज होकर मोगा में अअढ सरकार की नशा विरोधी रैली में हिस्सा लेने गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मोगा में सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें सोमवार शाम करीब 5 बजे उन्हें फिर मोहाली फोर्टिस में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने उनकी सेहत को लेकर कोई बुलेटिन जारी नहीं किया। पंजाब में एक हफ्ते के अंदर खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस तरह की धमकी वाली ये दूसरी मेल भेजी है। इससे पहले 11 फरवरी को भी संगठन ने मेल भेजकर दावा किया था कि पंजाब सीएम को 13 फरवरी को मानव बम से उड़ाया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया बाहर, जिम्बाब्वे सुपर आठ में

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच टी20 विश्व कप में ग्रुप बी का मुकाबला बारिश के चलते रद्द हो गया है। इसके साथ ही दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले हैं। इसका फायदा जिम्बाब्वे को हुआ है और वह सुपर आठ चरण में पहुंच गई है। वहीं, 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया है और वह टूनार्मेंट से बाहर हो गई है। ग्रुप बी से श्रीलंका की टीम सुपर आठ चरण में पहुंच चुकी थी और जिम्बाब्वे इस ग्रुप से अगले दौर में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। जिम्बाब्वे ने लगातार दो मैच जीते और अब मैच रद्द होने से उसे एक अंक मिला जिससे उसके तीन मैचों में पांच अंक हो गए।

खतौली में महिला से कथित सम्मोहन कर कुंडल हड़पने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

खतौली, 17 फरवरी (बु.)। घटना कस्बे के व्यस्त इलाके इंद्रामूर्ति पर उस समय हुई, जब महिला बाजार से अपने घर लौट रही थी। तभी दो युवक उसके पास पहुंचे और बातचीत के दौरान उसे किसी अनहोनी का डर दिखाने लगे। महिला का आरोप है कि युवकों ने उसे इस कदर अपने प्रभाव में ले लिया कि वह उनकी बातों में आ गई और उन्होंने चालाकी से उसके सोने के कुंडल उतरवा लिए। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ, लेकिन तब तक दोनों आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पीड़िता ने तुरंत थाना पहुंचकर तहरीर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। संभावित भागने के रास्तों और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए टीम गठित की गई है। मामले में दरोगा अक्षय कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अजनबी व्यक्तियों की बातों में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बाजार क्षेत्र में गश्त भी बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सूर्य ग्रहण दुनिया के कई हिस्सों में दिखा

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। साल का पहला सूर्य ग्रहण दुनिया के कई देशों में देखा गया जिसमें ग्रहण के दौरान रिंक ऑफ फायर का नजारा दिखाई दिया। इस ग्रहण के बाद दूसरा ग्रहण 03 मार्च को लगेगा, जो साल 2026 का पहला चंद्र ग्रहण होगा। दुनिया के कई देशों में सूर्य ग्रहण के दौरान वलयाकार सूर्य ग्रहण का नजारा दिखाई दिया, जिसे रिंग ऑफ फायर के नाम से जाना जाता है। सूर्य ग्रहण का चरम काल के बाद समाप्त हुआ।

शेष : तीन अशरों में होता है...

की माफी मांगते हैं। यह दौर आत्म-चिंतन और खुद को बेहतर बनाने का संदेश देता है। रमजान के आखिरी दस दिन निजात के होते हैं, जिसका अर्थ है जहन्नम से छुटकारा। इसी अशरे में शब-ए-कद्र की मुबारक रात भी आती है, जिसे हजार महीनों से अफजल बताया गया है। इन दिनों में लोग ज्यादा इबादत, एतिकाफ, दुआ और सदका-खैरात में लगे रहते हैं, ताकि अल्लाह की रजा और निजात हासिल हो सके।